




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14 अंक - 345 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 27 सितंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर



### करंट से छटपटाता और चिल्लाता रहा मासूम, देखती रही भीड़, दो बुजुर्गों ने बचाई जान

**वाराणसी ( एजेंसी )।** वाराणसी शहर के हबीबपुरा क्षेत्र में मंगलवार की सुबह चार वर्षीय कार्तिक करंट की चपेट में आ गया। रास्ते से गुजर रहे दो बुजुर्गों की सूझबूझ उसकी जान बच सकी। पूरी घटना सीसी कैमरे में कैद है। बाद में पता चला कि हबीबपुरा में अवैध रूप से तार खींचकर झालर जलाए गए हैं। पोल में जो तार बांधा गया था, वह कटा था। इससे करंट उतर आया। विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता नीरज पांडेय ने दोषियों के खिलाफ मुकदमा कराने की मांग की है।

मंगलवार की सुबह हुई बरसात से सड़कों पर जलभराव हो गया। हबीबपुरा में भी सड़क किनारे पानी लगा था। स्थानीय निवासी जितेंद्र कुमार का चार वर्षीय बेटा कार्तिक बारिश रुकने के बाद पानी में खेल रहा था। घर के पास ही लगे विद्युत पोल में करंट उतर गया। जैसे ही कार्तिक पानी में उतरा, उसे करंट का झटका लगा और वह वहीं पानी में गिरकर चिल्लाने लगा और छटपटाने लगा। इसी बीच उधर से गुजर रहे दो बुजुर्गों में से एक ने उसे गमछे के सहारे निकालने का सोचा। लेकिन, झटका लगने से वह पीछे हट गया। साथी बुजुर्ग ने लकड़ी पकड़ाई और जिसे पकड़कर कार्तिक करंट की जद से बाहर आया।

***विद्यापीठ उपकेंद्र से बंद कराई गई आपूर्ति***

स्थानीय लोगों ने बताया कि कार्तिक को छटपटाता देख दुकानदारों ने तुरंत विद्यापीठ उपकेंद्र को आपूर्ति बंद करने की सूचना दी। सूचना देने और आपूर्ति बंद होने तक कार्तिक को सही सलामत निकाल लिया गया। उसके पिता जितेंद्र उसे तुरंत नजदीकी चिकित्सक के यहां ले गए। डॉक्टर ने उसे खतरे से बाहर बताया।

***बिना अनुमति खींचा तार***

विद्युत वितरण खंड द्वितीय नीरज पांडेय ने बताया कि विद्युतकर्मी मौके पर पहुंचे और अवैध रूप से खींचे गए तार को काटा है। धार्मिक स्थल पर झालर जलाने के लिए अवैध रूप से तार खींचा गया था। दोषियों के खिलाफ चेतगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से आधा दर्जन से अधिक मवेशियों की मौत, इलाके हड़कंप

**कोरबा।** कोरबा में लगातार पिछले तीन दिनों से रुक रुककर झमाझम बारिश और आकाशी बिजली का कहर देखने को मिल रहा है। जिसके कारण आम लोगों के जीवन पर काफी असर पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक, सर्वमंगला रोड कनकी स्थित सोनपुरी गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से आधा दर्जन से अधिक मवेशियों की मौत हो गई। बुधवार की सुबह लगभग छह बजे मवेशी गांव के आसपास थे। जहां अचानक तेज बारिश होने लगी, इसके बाद सभी मवेशी गांव के पास महुआ पेड़ के नीचे चले गए। अचानक आकाशी बिजली गिरने से आधा दर्जन से अधिक मवेशियों की मौत हो गई। वहीं, कुछ मवेशी बच गए। ग्रामीण जब खेत पर काम करने गए उनकी नजर पड़ी। तब उन्होंने इसकी सूचना गांव में जाकर मवेशियों के मालिक को दी।

# कितना असर छोड़ पाएगी परिवर्तन यात्रा
# सीएम प्रोजेक्ट करने से क्यों हिचकी भाजपा

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले बीजेपी ने परिवर्तन यात्रा में पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों का छत्तीसगढ़ तांता लगा हुआ है। भाजपा इस परिवर्तन यात्रा के दम पर छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने का दावा कर रही है। मंगलवार को पार्टी की परिवर्तन यात्रा बस्तर से 400 किलोमीटर का सफर तय कर राजधानी रायपुर पहुंची। रायपुर में 80 जगह बीजेपी की परिवर्तन यात्रा का स्वागत किया गया। जगह जगह बुलडोजर में बीजेपी के नेताओं का स्वागत हुआ। पार्टी छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त दिख रही है, लेकिन छत्तीसगढ़ समेत सभी चुनावी राज्यों में पार्टी द्वारा सीएम प्रोजेक्ट नहीं करने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। यहां तक कि मध्यप्रदेश जैसे राज्य में जहां शिवनाथ सिंह चौहान भाजपा का लम्बे समय से चेहरा रहे हैं, वहां भी पार्टी ने सीएम चेहरे को लेकर चुप्पी साध रखी है।

दरअसल, पिछले एक पखवाड़े से लगातार केंद्रीय नेताओं का छत्तीसगढ़ आने का सिलसिला जारी है। किसी दिन दो, किसी दिन तीन, किसी दिन चार मंत्री यहां आ रहे हैं। इसके अलावा परिवर्तन यात्रा के समापन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा बिलासपुर में होने वाली है। पीएम मोदी इस दौरान रतनपुर में महामाया माता मंदिर में दर्शन कर सकते हैं। इसके बाद अगले महीने तीन अक्टूबर को पीएम मोदी बस्तर दौरे पर आने वाले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा की केंद्रीय टीम कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने ग्रामीण और शहरी इलाकों में स्वास्थ्य व्यवस्था और सड़कों की दुर्दशा का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस की सरकार पर निशाना साधा है।



### परिवर्तन यात्रा के जवाब में भरोसा यात्रा

प्रदेश भाजपाध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि सरकार यहां पिछले पौने पांच साल में न तो शहरी क्षेत्रों को और न ही ग्रामीण क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं दे सकी है। सरकार यहां एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं बना पाई। पिछले 5 सालों से छत्तीसगढ़ की जनता परेशान है। एक तरफ सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। ऊपर से छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया। वहीं परिवर्तन यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि यात्रा में लगातार केंद्रीय मंत्रियों सहभागिता बनी हुई है। लगातार स्वागत सभा और बड़ी सभाएं हो रही हैं। अब तक 43 सभाएं हो चुकी हैं। बता दें कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा के जवाब में कांग्रेस भी अगले महीने से भरोसे की यात्रा निकालने वाली है। वहीं कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम ने रायपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा की परिवर्तन यात्रा को फ्लॉप शो बताया है।

### केन्द्रीय मंत्रियों के दौरे से जनता को क्या मिला

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व केबिनेटमंत्री मोहन मरकाम ने कहा कि बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को जनता ने नकार दिया। परिवर्तन यात्रा में भीड़ नहीं एकत्रित हो रही। इसलिए अमित शाह भी दंतेवाड़ा नहीं आए। भाजपा की तथाकथित परिवर्तन यात्रा में जो प्रदेश के बाहर के नेता आ रहे हैं, उसमें नुक्कड़ सभाओं के बराबर भी भीड़ नहीं इकट्ठा हो रही। तमाम कोशिशों लाखों रुपये खर्च करने के बाद भाजपा की परिवर्तन यात्रा फ्लाप हो गई। परिवर्तन यात्रा का असफल होना इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ की जनता प्रदेश में परिवर्तन नहीं चाहती है। भाजपा के परिवर्तन यात्रा में 15 दिन में प्रधानमंत्री से लेकर दर्जनों केंद्रीय मंत्री आए और चले गए। इनके आने से छत्तीसगढ़ की जनता को क्या मिला?

### बहुमत आया तो संसदीय बोर्ड तय करेगा सीएम

वर्षांत में छत्तीसगढ़ समेत 5 राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं, इनमें से सिर्फ मध्यप्रदेश में ही भाजपा की सरकार है, बावजूद इसके पार्टी ने किसी भी राज्य में सीएम प्रोजेक्ट नहीं किया है। दरअसल, पार्टी इस बार सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ना चाह रही है। जिस तरह से मध्यप्रदेश जैसे राज्य में अपनी सरकार और मुख्यमंत्री रहने के बाद भी कई शीर्षस्थ नेताओं को टिकट दी गई है, उसके बाद वहां के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की कुर्सी भी खतरे में बताई जा रही है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सीएम भूपेश बघेल हैं तो राजस्थान में अशोक गहलोत कांग्रेस के मुख्यमंत्री हैं। बघेल व गहलोत दोनों ही कांग्रेस आलाकमान के काफी करीब माने जाते हैं इसलिए भाजपा दोनों ही राज्यों में कांग्रेस को चुनाव में हराने की पुरजोर कोशिश कर रही है, ताकि गांधी परिवार को झटका दिया जा सके। इन सबके बीच भाजपा ने इन प्रमुख राज्योंछत्तीसगढ़, राजस्थान व मध्यप्रदेश की जमीनी राजनीतिक स्थिति को समझते हुए सैद्धांतिक तौर पर यह तय कर लिया है कि किसी भी राज्य में सीएम पद के उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया जाएगा। पार्टी छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में पीएम नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर सामूहिक नेतृत्व के आधार पर चुनाव लड़ेगी और चुनाव पश्चात बहुमत मिलने पर भाजपा संसदीय बोर्ड संबंधित राज्यों के विधायकों के साथ विचार-विमर्श कर सीएम का नाम तय करेगा। भाजपा ने मध्य प्रदेश में होने वाले चुनाव के मद्देनजर सोमवार को अपने 39 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट में 3 केंद्रीय मंत्रियों सहित 7 सांसदों और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तक को विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित कर अपने इरादे साफकर दिए हैं, क्योंकि भाजपा ने जिन केंद्रीय मंत्रियों- नरेंद्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते और प्रल्हाद पटेल के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है, उनमें से तीन मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार हैं। इसके साथ ही पार्टी ने लोकसभा के जिन सांसदों- रीति पाठक, राकेश सिंह, गणेश सिंह और उदय प्रताप सिंह को विधान सभा के चुनावी मैदान में उतारा हैं, उनमें से एक भाजपा आलाकमान के काफी करीबी माने जाते हैं। इन दिग्गजों को चुनावी मैदान में उतार कर पार्टी ने सीएम शिवराज के साथ-साथ आम वोटरों को भी संदेश दे दिया है कि उसके पास मुख्यमंत्री पद के लिए कई विकल्प है। छत्तीसगढ़ में भाजपा आलाकमान बदलाव का फैसला काफी पहले ही कर चुका है, इसलिए रमन सिंह की बजाय अन्य नेताओं को ज्यादा आगे किया जा रहा है। राजस्थान में प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया की लगातार कोशिशों और मांग के बावजूद पार्टी ने अभी तक चुनावों में उनकी भूमिका तय नहीं की है। वसुंधरा राजे सिंधिया के विरोधी गुट के कई दिग्गज यहां तक कि केंद्रीय मंत्री भी सार्वजनिक रूप से यह कह चुके हैं कि भाजपा के पास मुख्यमंत्री पद के योग्य कई व्यक्ति है और मुख्यमंत्री पद का फैसला चुनाव बाद भाजपा का संसदीय बोर्ड तय करेगा।

# छत्तीसगढ़वासियों को दिल्ली में मिला नया भवन
# सीएम बघेल ने किया छत्तीसगढ़ निवास का लोकार्पण

### 60 करोड़ 42 लाख रूपए की लागत से बना है नवनिर्मित छत्तीसगढ़ निवास, भवन में मौजूद हैं सभी अत्याधुनिक सुविधाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** देश की राजधानी नईदिल्ली में छत्तीसगढ़वासियों को नया छत्तीसगढ़ निवास का तोहफा मिला। बुधवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने द्वारका के सेक्टर 13 में बने इस नए छत्तीसगढ़ निवास का अपने निवास कार्यालय से वर्चुअल लोकार्पण किया। 60 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवनिर्मित छत्तीसगढ़ निवास भवन में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। इस भवन में कुल 61 कमरे व 13 सूइट रूम हैं जो की आधुनिकतम सुविधाओं से सुसज्जित है।

पिछले तीन सालों में विभिन्न बाधाओं को पार कर छत्तीसगढ़ के निवासियों की सेवा के लिये देश की राजधानी दिल्ली के द्वारका में एक नवनिर्मित छत्तीसगढ़ निवास तैयार किया गया है। विभिन्न सरकारी गैर सरकारी कार्य एवं चिकित्सा के लिए छत्तीसगढ़ से दिल्ली जाने वाले निवासियों की सुविधा के लिए इसकी परिकल्पना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की थी। हालांकि नई दिल्ली में पहले से छत्तीसगढ़ शासन के दो भवन चानक्यपुरी में छत्तीसगढ़ भवन तथा सफ्दरजंग हॉस्पिटल के पास छत्तीसगढ़ सदन बना हुआ है। परंतु आधुनिक एवं छत्तीसगढ़ की बढ़ती हुई आवश्यकता की पूर्ति के लिए तीसरे भवन की आवश्यकता काफी दिनों से महसूस की जा रही थी। जो कि अब पूरा हो गया है।

### तीन वर्ष पूर्व हुआ था इसका शिलान्यास

मुख्यमंत्री बघेल ने तीन वर्ष पूर्व इसका शिलान्यास किया था। इसके लिए नई दिल्ली के द्वारका में नये छत्तीसगढ़ निवास के निर्माण की परिकल्पना की गई और इसकी आधारशिला 19 जून 2020 को मुख्यमंत्री ने वर्चुअल शिलान्यास कर रखी थी। यह पहला मौका है कि जब पहली बार इस प्रकार की महत्वपूर्ण अत्याधुनिक भवन का निर्माण छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ से बाहर सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया, जो छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक मील का पत्थर है।

### जानिए क्या है छत्तीसगढ़ निवास भवन की खासियत

लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने बताया कि, छत्तीसगढ़ निवास के निर्माण के लिए 43 हजार 803 वर्गफीट भूमि 22.50 करोड़ रुपए में क्रय की गई है। नवा छत्तीसगढ़ निवास छत्तीसगढ़ संस्कृति और परंपराओं की स्पष्ट झलक दे रहा है। इसमें 13 सूइट रूम, 61 कमरे, डायनिंग हॉल एंड वेटिंग सहित मीटिंग हॉल और कर्मचारियों के लिए आवासीय टावर का निर्माण किया गया है। भवन के निर्माण में पर्यावरण का भी ख्याल रखा गया है।

नवनिर्मित छत्तीसगढ़ निवास द्वारका के प्राइम लोकेशन में स्थित है। इसके आस-पास भव्य माल, फ़ाइव स्टार होटल, खूबसूरत पार्क, नया उत्तर प्रदेश भवन, अरुणाचल भवन, दिल्ली का सबसे बड़ा इस्कॉन टेंपल आदि है। इसके अलावा कनेक्टिविटी की दृष्टि से भी इसकी लोकेशन शानदार है। मात्र 13-15 मिनट में आप कनॉट प्लेस पहुंच सकते हैं। द्वारका सेक्टर 13 का मेट्रो इस नवनिर्मित भवन के पास में ही है।

# एनआईए की बड़ी कार्रवाई, छह राज्यों की 50 जगहों पर छापेमारी जारी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैंगस्टर और खलिस्तानी-आतंकियों के खिलाफ बड़ा फैसला लेते हुए देश के कई राज्यों में छापेमारी की। गैंगस्टरों की तलाश में एनआईए ने दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और उत्तराखंड के करीब 50 इलाकों में छापेमारी की है। एनआईए ने यह कदम आतंकवादियों और ड्रग्स डीलर्ज के बीच साठगांठ को खत्म करने के मकसद से उठाई है। दरअसल, भारत में बैठे आतंकी मददगार विदेशों में रहे रहे आतंकियों और गैंगस्टरों को हवाला चैनल के माध्यम से हथियार और ड्रग्स की सप्लाई करते हैं।

एनआईए ने पंजाब के 30 इलाकों में छापेमारी की है, तो वहीं राजस्थान में 13, हरियाणा में 4, उत्तराखंड में 2, दिल्ली-एनसीआर और यूपी में 1-1 जगह छापेमारी चल रही है। एनआईए ने खालिस्तान-आईएसआई और गैंगस्टर नेक्सस के खिलाफ कई सारे सबूत इकट्ठा किए हैं। कई गैंगस्टरों से पूछताछ के दौरान भी यह सामने आया है कि वह नेक्सस का इस्तेमाल टेटर फंडिंग, हथियार सप्लाई और विदेशों से देशी विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए करते हैं।

### राजस्थान और उत्तराखंड में छापेमारी जारी

एनआईए की टीम फिलहाल राजस्थान के गंगासागर जुले के सूरतगढ़ और रजियासर में छापेमारी कर रही है। सूरतगढ़ में एक छात्र नेता के आवास पर छापा मारा गया है। इससे पहले 21 सितंबर को एजेंसी ने भगौड़े गोल्डी बरार से जुड़े पंजाब और हरियाणा के 100 से भी ज्यादा इलाकों में छापेमारी की। गोल्डी बरार एनआईए की लिस्ट में एक नामित गैंगस्टरों में से एक है। वहीं बुधवार को एनआईए ने पंजाब के मोगा जिले के तख्तूपुरा गांव में एक शराब ठेकेदार के घर पर छापेमारी की। इसके अलावा एजेंसी ने उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के बाजपुर थाना क्षेत्र में एक गन हाउस पर भी छापा मारा, जहां वह हथियारों की जांच कर रही है।

### निज्जर की हत्या के बाद उठाया ये कदम

एनआईए ने यह कार्रवाई ऐसे समय की है, जब कनाडा में खलिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हालांकि उनकी हत्या के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने उन्हें कनाडाई नागरिक बताते हुए भारत पर हत्या का आरोप लगाया था। इस दौरान उन्होंने कनाडा से भारतीय राजनयिक को भी बाहर कर दिया। इसके जवाब में भारत ने में दिल्ली से कनाडा के राजनयिक को निष्कासित कर दिया और कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवा भी रोक दी।

## नागलोक के बैगा-गुनिया बन गए मिसाल

श्रीकंचनपथ




नफरत कभी भी किसी समस्या का स्थायी हल नहीं हो सकता। हिंसा से हिंसा नहीं रोकी जा सकती। आंख के बदले आंख-बर्बरता और जहालत की निशानी है। ऐसे इलाज से केवल अंधों के गांव बसाए जा सकते हैं। जिन लोगों की अहिंसा में आस्था है उनके लिए एक अच्छी खबर है। ग्रामीण क्षेत्रों में पनपते अंधविश्वास और झाड़-फूंक की परम्परा के लिए आम तौर पर बैगा-गुनिया और ओझाओं को दोषी ठहराया जाता रहा है। अब तक सरकारें इनपर डंडा ही चलाती रही है। इसका नतीजा यह निकला कि शहरी आबादी भी झाड़-फूंक और तंत्र मंत्र पर भरोसा करने लगी। टखनों में काला धागा और कलाइयों पर नजरबट्टू बांधना अब फैशन का हिस्सा बन गया है। पर छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार ने गांधीजी का नुस्खा अपनाया। बैगा-गुनिया और झाड़-फूंक करने वालों को समाज का हिस्सा माना। परिवर्तन के लिए इन्हें साधन के रूप में विकसित किया। इन्हें आधुनिक चिकित्सा शास्त्र के बारे में बताया गया। नाना प्रकार की बीमारियों की पहचान कराई गई। लक्षणों से रोग की गंभीरता की पहचान बताई गई। सर्पदंश के मामलों में त्वरित इलाज के नतीजे दिखाए गए। अब बैगा-गुनिया जानते हैं कि झाड़-फूंक से केवल वही पीड़ित ठीक होते हैं जिन्हें विषहीन सांपों ने काटा होता है। बैगा-गुनिया-ओझा भी इंसान हैं। खामख्वाह किसी की जान लेने का शौक उन्हें भी नहीं है। वे अपनी जानकारी के अनुसार पीड़ित की मदद करने की ही कोशिश करते थे। अब जबकि उनके ज्ञान के स्तर में वृद्धि हुई है तो वे भी सरकार का हाथ बंटा रहे हैं। सर्पदंश के मरीज को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। लक्षणों के आधार पर अन्य मरीजों को भी सीधे अस्पताल ले जाने की सलाह दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ के नागलोक जशपुर क्षेत्र के दो बैगाओं का जिला कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने सम्मान किया। जशपुर के नरेश पांडा और बगीचा के प्रसाद यादव का सम्मान करते हुए उन्होंने इस जागरूकता को आगे बढ़ाने की अपील की। इन बाबाओं ने कहा कि वे शासन का तो सहयोग करेंगे ही, अपने स्तर पर भी इस दिशा में प्रयास जारी रखेंगे। जशपुर के लिए यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह सम्पूर्ण क्षेत्र विभिन्न प्रजाति के सर्पों के लिए विख्यात है। कहा जाता है कि बारिश की पहली बूंदों के साथ ही यहां तरह-तरह के सर्प दिखाई देने लगते हैं। जनजीवन खतरे में आ जाता है। इसलिए सर्पदंश की झाड़फूंक करने वालों की भी यहां अच्छी खासी संख्या है। वैसे बता दें कि बैगाओं को विश्वास में लेकर उन्हें आधुनिक चिकित्सा सेवा प्रदायगी का हिस्सा बनाने की यह कोशिश छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों में की जा रही है। स्वयं चिकित्सा विभाग इस दिशा में पहल कर रहा है। बैगा-गुनिया सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। समाज में उनकी भूमिका को स्वीकार कर उनका विश्वास जीता जा रहा है। इसके सुखद नतीजे सामने आने लगे हैं।




## संपादकीय

### वहीदा को फाल्के

यह वाकई सुखद संयोग है कि देश जब हरदिल अजीज अभिनेता देव आनंद की जन्मशती मना रहा था, ठीक उसी दिन यानी 26 सितंबर को उनकी कालजयी फिल्म गाइड की नायिका वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा का शिखर सम्मान 'दादा साहब फाल्के' देने की घोषणा की गई। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि वहीदा रहमान और देव साहब की जोड़ी रुपहले परदे पर लंबे समय तक छाई रही। दोनों ने सात फिल्में साथ-साथ की थीं, जिनमें से पांच जबर्दस्त हिट रहीं। बहरहाल, वहीदा इस सम्मान की हकदार हैं, बल्कि कई बार से यह सवाल उठाया जा रहा था कि क्या उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है? वैसे, सच यही है कि इतने सारे महान कलाकारों में से एक को चुनने की बाध्यता हमेशा इस सवाल को मौजूं बनाए रखेगी। देर से ही सही, इस दुरुस्त फैसले का स्वागत किया जाना चाहिए। वहीदा रहमान की शख्सियत का सबसे आकर्षक पहलू यह है कि फिल्मी करियर की शुरुआत से लेकर अब तक उन्होंने अपनी शर्तों पर ही काम किया और इसमें उनकी परवरिश का बड़ा योगदान रहा। बचपन में जब वह भरत नाट्यम सीख रही थीं, उनके जिला मजिस्ट्रेट पिता से किसी रिश्तेदार ने शिकायती अंदाज में कहा था, मुसलमान होकर बेटी को नचाओगे? तरक्कीपसंद पिता का जवाब था, कला कोई बुरी नहीं होती, इंसान बुरे होते हैं। गौर कीजिए, वह देश-बंटवारे के ठीक बाद का दौर था। किन्हीं आशंकाओं या टोटकों की वजह से अभिनेताओं-अभिनेत्रियों के नाम बदल दिए जाते थे, वहीदा ने इसी शर्त पर फिल्म साइन की कि उनका नाम नहीं बदला जाएगा और अपने लिबास भी वह खुद तय करेंगी। गुरुदत्त ने बला की खूबसूरत इस स्वाभिमानी बाला की शर्त सहर्ष मान ली थी। वहीदा इस मायने में भी बड़ी अदाकारा हैं कि वह कभी फिल्मों की सफलता का श्रेय लूटने की होड़ में नहीं रहीं, क्योंकि जिस वक्त वह इस कला-विधा में आई थीं, फिल्में अमूमन निर्देशक की कृति समझी जाती थीं। इसीलिए वह अक्सर इंटरव्यू में यह कहते सुनी गईं कि गुरुदत्त की फिल्मों का हिस्सा बनने पर उन्हें हमेशा फख्र रहेगा। आधी सदी से लंबे कालखंड में पसरे अभिनय करियर में कई फिल्मों के लिए वहीदा हमेशा सराही जाएंगी, मगर उनके अभिनय के पूरे वितान को तीन फिल्मों- गाइड, तीसरी कसम और खामोशी से समझा जा सकता है। गाइड की 'रोजी' का किरदार तो जैसे स्त्री मुक्ति का उद्घोष है। तरह-तरह की पाबंदियों और वर्जनाओं को तोड़ने की उत्कंठा किस दौर की स्त्री की नहीं रही? जब वहीदा ने परदे पर आज फिर जीने की तमन्ना है, आज फिर मरने का इरादा है को चरितार्थ किया, तो जैसे समूचे नारी समाज की दमित इच्छा को अभिव्यक्ति मिल गई थी। आज जब स्त्री मुक्ति का विमर्श नए-नए रूपों में हमारे सामने है, बल्कि कई बार यह बेहद अशोभनीय रूप में सामने आता है, तब रोजी का किरदार हमें एक शालीन राह दिखाता है। रेणु की मारे गए गुलफाम कहानी पर बनी तीसरी कसम की 'हीरा बाई' के किरदार को भी कैसे भुलाया जा सकता है? वह आंचलिक दुनिया भले अब नहीं रही, आवागमन के आधुनिक माध्यमों ने भले बैलगाड़ी को इतिहास के पन्नों में समेट दिया, और ग्रामीण थिएटरों का रूप भी बदल गया है, मगर तीसरी कसम व हीरा बाई हमेशा एक जीवंत दस्तावेज बनी रहेंगी। 85 साल की वहीदा रहमान को मिला फाल्के सम्मान अनगिन कलाकारों को प्रेरित करेगा कि मेहनत कभी राएगां नहीं जाती।

> "गुरुदत्त ने बला की खूबसूरत इस स्वाभिमानी बाला की शर्त सहर्ष मान ली थी। वहीदा इस मायने में भी बड़ी अदाकारा हैं कि वह कभी फिल्मों की सफलता का श्रेय लूटने की होड़ में नहीं रहीं, क्योंकि जिस वक्त वह इस कला-विधा में आई थीं, फिल्में अमूमन निर्देशक की कृति समझी जाती थीं।

## भारत की बढ़ती चुनौतियां

दो दिन के शुरुआती भ्रम के बाद यह बात साफ हो गई कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने भारत पर जो गंभीर आरोप लगाया, उसको पर पश्चिम के उनके खास सहयोगी देश उनसे सहमत थे। धीरे-धीरे यह बात साफ हो गई कि असल में जिन सूचनाओं के आधार पर उन्होंने भारत पर कनाडा की जमीन पर एक कनाडाई नागरिक की हत्या का इल्जाम मढ़ा, वे उन्हें पांच देशों के गठबंधन फाइव आई (पांच नेत्र) की खुफिया जानकारी साझा करने की व्यवस्था के तहत प्राप्त हुई थी। उसके बाद यह विस्फोटक खुलासा हुआ कि जून में कनाडा में खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने अपने देश में मौजूद खालिस्तानी कार्यकर्ताओं से संपर्क कर उन्हें आगाह किया था कि उनकी जान खतरे में है। इस खबर का मतलब यह है कि एफबीआई इस नतीजे पर थी कि कोई विदेशी ताकत उन खालिस्तानी कार्यकर्ताओं को निशाना बना सकती है।

इसका यह भी अर्थ है कि जिन उग्रवादियों की भारत को तलाश है, अमेरिका असल में उन्हें अपने यहां संरक्षण दे रहा है। जब ये सारी खबरें सुर्खियों में हैं, तो एक तीन साल पुरानी खबर भी चर्चा में आ गई है कि जर्मनी में तब एक भारतीय मूल के नागरिक पर भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के लिए खालिस्तान समर्थकों की जासूसी करने के आरोप में मुकदमा चलाया गया था। यानी रॉ की तरफ से पश्चिमी देशों में जासूसी का संदेह तब से वहां मौजूद था। हालांकि यह खबर भी कम परेशान करने वाली नहीं है कि कनाडा ने जिन सूचनाओं के आधार पर आरोप लगाया, उनमें वहां तैनात भारतीय राजनयिकों के बीच आपस में हुई बातचीत का ब्योरा भी है। जाहिर है, भारत के कथित सहयोगी देशों ने- जिनमें दो क्वैड समूह में भी शामिल हैं- भारतीय राजनयिकों की निजता को भंग किया। इन तमाम तथ्यों से भारतीय विदेश नीति के प्रबंधक अवश्य चिंतित हुए होंगे। इन खबरों ने भारत की पश्चिम के लगातार निकट जाने और उसके आधार पर चीन का मुकाबला करने की रणनीति के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। यह सचमुच गंभीर चुनौती है।

## समान नागरिक संहिता पर क्या हो रहा है?

क्या केंद्र सरकार जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई कमेटी की सिफारिशों के आधार पर देश में समान नागरिक कानून लागू करेगी? इस मामले की क्रोनोलॉजी देख कर ऐसा लग रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 जून को भोपाल में एक कार्यक्रम में समान नागरिक संहिता की वकालत की, जिसके तेजी से घटनाक्रम शुरू हुआ। एक तरफ उत्तराखंड सरकार द्वारा इस मसले पर बनाई गई समिति के सदस्य विधि आयोग से मिले तो दूसरी ओर विधि आयोग आम लोगों से इस पर राय मांगी और खुद प्रधानमंत्री मोदी ने कह दिया था कि एक घर दो कानून से नहीं चल सकता है। इन सबके बीच जुलाई महीने में जगह जगह सेमिनार और सम्मेलन होने लगे, जिनमें हर तरफ से समान कानून की वकालत की जा रही थी।

प्रधानमंत्री के बयान के करीब तीन महीने बाद इस मसले पर चौतरफा चुप्पी है। प्रधानमंत्री ने 28 जून के बाद इस बारे में कुछ नहीं कहा। इस मामले पर ध्यान इसलिए गया है क्योंकि एक छोटी सी खबर आई है कि उत्तराखंड सरकार ने इस मसले पर विचार के लिए बनी कमेटी का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ा दिया है। ध्यान रहे सुप्रीम कोर्ट की रिटायर जज जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में कमेटी बनी है, जो समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार कर रही है। इस कमेटी का गठन पिछले साल हुआ था और दो बार के विस्तार के बाद इसका कार्यकाल 27 सितंबर को खत्म हो रहा था। इसे चार महीने का एक और विस्तार दे दिया गया है। सोचें, जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई ने खुद 27 जून को कहा था कि समान नागरिक कानून का मसौदा तैयार है और जल्दी ही उसे सरकार को सौंप दिया जाएगा।

> "युवक के कीर्तिमान से संसार का इतिहास भरा पड़ा है। युवक ही रणचंडी के ललाट की रेखा है। युवक स्वदेश की यश-दुंदुभि का तुमुल निनाद है। युवक ही स्वदेश की विजय-वैजयंती का सुदृढ़ी दंड है। वह महासागर की उत्ताल तरंगों के समान उद्दंड है। वह महाभारत के भीष्म-पर्व की पहली ललकार के समान विकराल है, प्रथम मिलन के स्फीत चुंबन की तरह सरस है, रावण के अहंकार की तरह निर्भीक है...।

# ऐ भारतीय युवक, उठ आंखें खोल

भगत सिंह, क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी



युवावस्था मानव जीवन का वसंत काल है। उसे पाकर मनुष्य मतवाला हो जाता है। विधाता की दी हुई सारी शक्तियां सहस्त्र-धारा होकर फूट पड़ती हैं। मदांध मातंग की तरह निरंकुश, वर्षाकालीन शोणभद्र की तरह दुर्द्धर्ष, प्रलयकालीन प्रबल प्रभंजन की तरह प्रचंड, नवागत वसंत की प्रथम मल्लिका कलिका की तरह कोमल, ज्वालामुखी की तरह उच्छृंखल और भैरवी संगीत की तरह मधुर युवावस्था है। उज्ज्वल प्रभात की शोभा, स्निग्ध संध्या की छटा, शरच्चंद्रिका की माधुरी ग्रीष्म-मध्याह्न का उत्ताप और भाद्रपदी अमावस्या की अर्द्धरात्रि की भीषणता युवावस्था में सन्निहित है। जैसे क्रांतिकारी की जेब में बमगोला, रण-रस-रसिक वीर के हाथ में खड्ग, वैसे ही मनुष्य की देह में युवावस्था। 16 से 25 वर्ष तक हाड़-चाम के संदूक में संसार भर के हाहाकारों को समेटकर विधाता बंद कर देता है। दस बरस तक यह झांझरी नैया मंझधार तूफान में डगमगाती रहती है।

युवावस्था देखने में तो शस्य श्यामला वसुंधरा से भी सुंदर है, पर इसके अंदर भूकंप-सी भयंकरता भरी है। इसीलिए युवावस्था में मनुष्य के लिए केवल दो ही मार्ग हैं, वह चढ़ सकता है उन्नति के सर्वोच्च शिखर पर, वह गिर सकता है अध:पात के अंधेरे खंदक में। चाहे तो त्यागी हो सकता है युवक, चाहे तो विलासी बन सकता है युवक। वह देवता बन सकता है, तो पिशाच भी बन सकता है। वही संसार को त्रस्त कर सकता है, और वही संसार को अभयदान दे सकता है। संसार में युवक का ही साम्राज्य है।

युवक के कीर्तिमान से संसार का इतिहास भरा पड़ा है। युवक ही रणचंडी के ललाट की रेखा है। युवक स्वदेश की यश-दुंदुभि का तुमुल निनाद है। युवक ही स्वदेश की विजय-वैजयंती का सुदृढ़ी दंड है। वह महासागर की उत्ताल तरंगों के समान उद्दंड है। वह महाभारत के भीष्म-पर्व की पहली ललकार के समान विकराल है, प्रथम मिलन के स्फीत चुंबन की तरह सरस है, रावण के अहंकार की तरह निर्भीक है...। अगर किसी विशाल हृदय की आवश्यकता हो, तो युवकों के हृदय टटोलो। अगर किसी आत्मत्यागी वीर की चाह हो, तो युवकों से मांगो। रसिकता उसी के हिस्से पड़ी है। भावुकता पर उसी का सिक्का है। वह छंद शास्त्र से अनभिज्ञ होने पर भी प्रतिभाशाली कवि है। कवि भी उसी के हृदयारविंद का मधुप है। वह रसों की परिभाषा नहीं जानता, पर कविता का सच्चा मर्मज्ञ है। सृष्टि की एक विषम समस्या है युवक। ईश्वरीय रचना-कौशल का एक उत्कृष्ट नमूना है युवक। संध्या समय वह नदी के तट पर घंटों बैठा रहता है। क्षितिज की ओर बढ़ते जाने वाले रक्त-रश्मि सूर्यदेव को आकृष्ट नेत्रों से देखता रह जाता है। उस पार से आती हुई संगीत-लहरी के मंद प्रवाह में तल्लीन हो जाता है। विचित्र है उसका जीवन। अद्भुत है उसका साहस। अमोध है उसका उत्साह।

वह निश्चिंत है, असावधान है। लगन लग गई, तो रात भर जागना उसके बाएं हाथ का खेल है, जेठ की दुपहरी उसके लिए चैत की चांदनी है, सावन-भादो की झड़ी मंगलोत्सव की पुष्पवृष्टि है, श्मशान की निस्तब्धता, उद्यान का विहग-कल-कूजन है। वह इच्छा करे, तो समाज और जाति को जगा दे, देश की लाली रख ले, राष्ट्र का मुख उज्ज्वल कर दे, बड़े-बड़े साम्राज्य उलट डाले। पतितों के उत्थान और संसार के उद्धारक सूत्र उसी के हाथों में हैं। वह इस विशाल विश्व-रंगस्थल का सिद्धहस्त खिलाड़ी है।

अगर रक्त की भेंट चाहिए, तो सिवा युवकों के कौन देगा? अगर तुम बलिदान चाहते हो, तो तुम्हें युवकों की ओर ही देखना पड़ेगा। प्रत्येक जाति के भाग्य-विधाता युवक ही तो होते हैं। एक पाश्चात्य पंडित ने ठीक कहा है कि आज के युवक ही कल देश के भाग्य-निर्माता हैं। वे ही भविष्य के सफलता के बीज हैं। संसार के इतिहास के पन्ने खोलकर देख लो, युवक के रक्त से लिखे हुए अमर संदेश भरे पड़े हैं। संसार की क्रांतियों और परिवर्तनों के वर्णन छांट डालो, उनमें केवल ऐसे युवक ही मिलेंगे, जिन्हें बुद्धिमानों ने 'पागल छोकरे' अथवा 'पथ-भ्रष्ट' कहा है...। सच्चा युवक तो बिना झिझक मृत्यु का आलिंगन करता है, चोखी संगीनों के सामने छाती खोलकर डट जाता है, तोप के मुंह के आगे बैठकर भी मुस्कराता ही रहता है, बेड़ियों की झनकार पर राष्ट्रीय गान गाता है और फांसी के तख्ते पर अट्टाहासपूर्वक आरूढ़ हो जाता है। फांसी के दिन युवक का ही वजन बढ़ता है, जेल की चक्की पर युवक ही मुक्ति-मंत्र गाता है, काल कोठरी के अंधकार में धंसकर वह स्वदेश को अंधकार के बीच से उबारता है। अमेरिका के युवक-दल के नेता पैट्रिक हेनरी ने अपनी ओजस्विनी वक्तृता में एक बार कहा था कि जेल की दीवारों से बाहर की जिंदगी बड़ी महंगी है, मगर जेल की काल कोठरियों की जिंदगी और भी महंगी है, क्योंकि वहां यह स्वतंत्रता-संग्राम के मूल्य-रूप में चुकाई जाती है। वही ऐसा सजीव नेता है, तभी तो अमेरिका के युवकों में यह ज्वलंत घोषणा करने का साहस भी है कि जन्मसिद्ध अधिकारों को पद-दलित करने वाली सत्ता का विनाश करना मनुष्य का कर्तव्य है।

ऐ भारतीय युवक! तू क्यों गफलत की नींद में पड़ा बेखबर सो रहा है। उठ, आंखें खोल। देख, प्राची-दिशा का ललाट सिंदूर-रंजित हो उठा। अब अधिक मत सो। सोना हो, तो अनंत निद्रा की गोद में जाकर सो रह। कायरता के कोने में क्यों सोता है? माया-मोह-ममता त्यागकर गरज। उठ, तेरी माता, तेरी प्रात: स्मरणीया, तेरी परम वंदनीया, तेरी जगदंबा, तेरी अन्नपूर्णा, तेरी त्रिशूलधारिणी, तेरी सिंहवाहिनी, तेरी शस्य श्यामलांचला आज फूट-फूटकर रो रही है। क्या उसकी विकलता तुझे तनिक भी चंचल नहीं करती? धिक्कार है तेरी निर्जीवता पर! ...यदि अब भी तेरे किसी अंग में थोड़ी हया बाकी हो, तो उठकर अपनी माता के दूध की लाज रख, उसके उद्धार का बीड़ा उठा, उसके आंसुओं की एक-एक बूंद की सौगंध ले, उसका बेड़ा पार कर और बोल अपने मुक्त कंठ से- वन्दे मातर।

**(भगत सिंह का यह लेख बलवंत सिंह के छ: नाम से मतवाला में 1925 में प्रकाशित हुआ था। बाद में यह पुस्तक भंडार द्वारा प्रकाशित युवक-साहित्य में संगृहीत हुआ। ख्यात संपादक शिवपूजन सहाय ने इस लेख को सजाया-संवारा था।)**

# पैगंबर का पैगाम है हर तरफ अमन और इंसानियत

प्रो जैनुस्साजिदीन सिद्दीकी, शहर काजी, मेरठ

हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) 9 या 12 रवि उल अव्वल (अरबी महीना) की सुबह सऊदी अरब के मक्का शहर में पैदा हुए। उनके वालिद का नाम अब्दुल्ला था, जिनका देहांत हजरत मुहम्मद (स.अ.) की पैदाइश से पहले हो गया था। हजरत मुहम्मद (स.अ.) की माता का नाम आमना था। सबसे पहले उन्होंने ही दूध पिलाया। फिर अरब के रिवाज के अनुसार हलीमा दाई, जो मक्का शहर से 60 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी शहता में रहती थीं, उन्हें उनके हवाले कर दिया गया, ताकि साफ-सुथरे माहौल में उनकी परवरिश हो। वह जब छह साल के हुए, तो माता आमना का भी देहांत हो गया। इसके बाद दादा अब्दुल तालिब और फिर चाचा अबु तालिब ने उनकी परवरिश की।

जब हजरत मुहम्मद (स.अ.) की उम्र 40 साल हुई, तो वह मक्का से कुछ दूरी पर गारे गिरा में अल्लाह की इबादत में थे। अल्लाह के फरिश्ते हजरत जिब्राइल (अलैहिस्सलाम) ने उनको अल्लाह तआला का पहला संदेश दिया। पढ़िए, इस खुदा का नाम लेकर, जिसने हर चीज पैदा की, जिसने इंसान को गोश्त के लोथड़े से पैदा किया। पढ़िए, हां आपका पैदा करने वाला सबसे ज्यादा इज्जत वाला है। जिसने कलम के जरिये इल्म दिया और इसको इन बातों की जानकारी दी, जिनको वह नहीं जानता।... इस पैगाम में हुक्म दिया गया है कि चांद, सूरज, सितारे, समंदर, बागात, इंसान, हैवान कायनात की तमाम चीजों का अध्ययन करें, और कहा गया कि अल्लाह का बड़ा करम है कि इंसान को इल्म से नवाजा, कुरआन में ही दूसरी जगह कहा गया है कि आलिम व जाहिल बराबर नहीं हो सकते। हजरत मुहम्मद (स.अ.) ने हर मर्द व औरत पर इल्म का हासिल करना फर्ज करार दिया। इससे पता चलता है कि इस्लाम ने तालीम हासिल करने पर कितना जोर दिया है। मगर यह भी हकीकत है कि अच्छे अखलाक तमाम



इंसानों के साथ अच्छा बर्ताव व हमदर्दी के बगैर शिक्षा बेकार है। इसलिए हजरत मुहम्मद (स.अ.) ने फरमाया, मैं इंसानों को अच्छे अखलाक देने के लिए भेजा गया हूं।

एक मर्तबा आप (स.अ.) के पास हातिम ताई के बेटे अदी आए। आप (स.अ.) उनसे बातचीत कर रहे थे कि एक बुढ़िया आ गई, और अपनी परेशानी बयान करने लगी। आप (स.अ.) ने उस बूढ़ी औरत की पूरी बात सुनी और उनकी शिकायत व परेशानी को दूर कर दिया। हजरत मुहम्मद (स.अ.) मक्का मुअज्जमा में आठ साल की जिला वतनी के बाद फातेह मक्का की हैसियत से दाखिल हुए। खाना काबा का इक्तिदार उनके हाथ में था, काबा का बसीअ (बड़ा) सहना मक्का के कुरैश खानदान के मर्दों और औरतों से भरा हुआ था। हजरत मुहम्मद (स.अ.) के साथ इन लोगों ने जो बरबरियत का बर्ताव किया था, जिसकी वजह से उन्हें मक्का छोड़कर मदीना जाना पड़ा था, वह इनको लरजा रहा था। उन्होंने इन लोगों से पूछा, आज तुम मुझसे क्या चाहते हो? मक्का वालों ने कहा, आपसे भलाई की ही उम्मीद करते हैं। हजरत मुहम्मद (स.अ.) ने मुस्कराकर फरमाया, आज तुम पर कोई इल्जाम नहीं। जाओ, तुम सब आजाद हो।

अनु सुफयान, जो इस्लाम के बदतरीन दुश्मन थे, अब इस्लाम कुबूल कर चुके थे, उनको बस इज्जत से नवाजा कि जो दुश्मन इनके घर में पनाह लेगा, इसको भी माफी है, इनके गुलाम वहशी ने हुजूर अकरम (स.अ.) के चाचा का कत्ल किया था, उसको भी माफ कर दिया। उस जमाने में गुलामों के साथ जानवरों जैसा बर्ताव किया जाता था, हजरत मुहम्मद (स.अ.) ने इन तमाम बुराइयों को खत्म किया और उनके साथ अच्छा सलूक करने का हुक्म दिया। उस जमाने में औरतों के साथ जुल्म सितम किया जाता था। इनको तमाम इंसानी हुकूक से नवाजा। हज के अवसर पर हजरत मुहम्मद (स.अ.) ने एलान किया कि दुनिया के तमाम इंसान बराबर हैं। काले को गोरे पर और अरबी को गैर-अरबी पर कोई फोकियत नहीं है।

ये सब बातें बताती हैं कि हमको अपनी जिंदगी में कैसा अमल करना चाहिए। हम सब हजरत मुहम्मद (स.अ.) को मानने वाले हैं। हमारी जिंदगी के अंदर उनकी जो हिदायत एवं रहनुमाई होनी चाहिए, वह नहीं मिलती। अफसोस है कि न तो तालीम, न ही बच्चों को अखलाक दे रहे हैं। हमें यह सूरत बदलनी चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# पर्यटन के असीम संभावनाओं का गढ़ कोरिया अंचल

एलडी मानिकपुरी, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी

जब हम अपने देश से किसी दूसरे देश में पर्यटन के लिए जाते हैं या कोई अन्य देश से हमारे देश में पर्यटन के लिए आता है तो देशों के बीच परस्पर मैत्री संबंधों का विस्तार होता है और दोनों देशों की सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित होती है। विश्व पर्यटन संगठन संयुक्त राष्ट्र संघ की ही एक अंगीकृत संस्था है, जिसकी स्थापना साल 1976 में हुई थी। इस संस्था का मुख्यालय मेड्रिड स्पेन में है लेकिन इसको बनाने का संविधान 27 सितंबर 1970 को ही पारित हुआ था जिस कारण इस दिन हर साल विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है।

इसी कड़ी में हम छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग खासकर कोरिया जिले के आसपास के पर्यटन स्थलों का जिक्र करने जा रहे हैं। अविभाजित मध्यप्रदेश राज्य में 25 मई 1998 को कोरिया को जिला का दर्जा मिला था। जिला कोरिया का नाम यहां के पूर्व रियासत कोरिया से लिया गया है। जिला बनने से पहले यह क्षेत्र सरगुजा जिले के अंतर्गत था।

प्रकृति की गोद में बसे और हरियाली की चादर से ढंके कोरिया जिला विभिन्न विविधताओं से भरे हैं।



वर्षा ऋतु में जब प्रकृति अपने सौन्दर्य की चरम-सीमा पर होती है तो कोरिया जिले की कुछ महत्वपूर्ण नदियों पर बनने वाली जलप्रपात को भी सुन्दरता प्रदान करती है। यह जलप्रपात स्वत: ही अपनी सुन्दरता बिखेरती है। कोरिया जिले के आसपास कई ऐसे जलप्रपात हैं, जो विहंगम दृश्यों को परिचित कराती है और उस जगह से नजर हटाने का मन भी नहीं करती। हसदेव नदी के उद्गम स्थल भी कोरिया जिले को माना जाता है। कोरिया जिले के आसपास घासीदास राष्ट्रीय उद्यान, हसदेव नदी पर गौरघाट, च्युल जलप्रपात, अकुरी नाला जलप्रपात, अमृतधारा जलप्रपात, गेज परियोजना, झुमका बोट, कोरिया पैलेस आदि हैं, तो रामगढ़ स्थित जोगीमारा एवं सीताबेंगरा गुफा में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम ने माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ प्रवास किया था।

माना जाता है कि रामगढ़ स्थित गुफाओं में श्रीराम की महर्षि विश्रवा से भेंट हुई। इस स्थान पर एक प्राचीन नाट्यशाला स्थित है। माना जाता है कि यहां की पहाड़ियों पर कालिदास ने मेघदूतम महाकाव्य की रचना की है। यहां स्थित गुफा में प्राचीन शैलचित्र में अंकित है। वैसे तो सम्पूर्ण सरगुजा संभाग अपनी प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण है। सरगुजा जिले के महेश्पुर, उदयपुर से केदमा मार्ग पर जाना पड़ता है। यहां दसवीं शताब्दी की प्राचीन शिव मंदिर, छेरिका देउर के विष्णु मंदिर, आठवीं शताब्दी तीर्थकर वृषभ नाथ प्रतिमा जैसे अनेक स्थल हैं। सरगुजा जिले में ही देवगढ प्राचीन काल की ऋषि यमदग्नि की साधना स्थल रही है। इसके अलावा अनेक मठ, पुरातात्विक कलात्मक मूर्तियां एवं प्राकृतिक सौंदर्य है। रामगढ पर्वत टोपी आकार में है। इसी जिले में ही प्राकृतिक वन सुषमा के बीच कैलाश गुफा स्थित है। इसे संत रामेश्वर गहिरा गुरूजी ने पहाड़ी चटटानो को ताराश कर निर्मित करवाया है। मैनपाट को छत्तीसगढ का शिमला कहा जाता है। मैंनपाट विन्ध पर्वतमाला पर स्थित है। यहां सरभंजा जल प्रपात, टाइगर प्वाइंट, मछली प्वाइंट प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।

रिहन्द एवं मांड नदी का उदगम स्थल भी मैनपाट से हुआ है। इसे छत्तीसगढ़ का तिब्बत भी कहा जाता हैं। यहां तिब्बती लोगों का जीवन एवं बौध मंदिर आकर्षण का केन्द्र है। जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर जिले भी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए जाना जाता है। सरगुजा संभाग में ही तातापानी जो प्राकृतिक रूप से निकलते गरम पानी के लिए प्रसिद्ध है। डीपाडीह 8वीं से 14वीं शताब्दी के शैव एवं शाक्य संप्रदाय के पुरातात्विक अवशेष बिखरे हुए हैं। यहां अनेक शिवलिंग, नदी तथा देवी दुर्गा की कलात्मक मूर्ति स्थित है।

शासन-प्रशासन की मदद से पर्यटकों के लिए कई पर्यटन क्षेत्रों को चिन्हांकित कर उसे पर्यटनीय क्षेत्र के रूप में विकसित भी किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा पर्यटक यहां आकर इस जलप्रपात, हरियाली और घने वनों को निहार सके।

व्यक्ति के जीवन और देश व राज्य के विकास में पर्यटन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में लोगों को पर्यटन के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें पर्यटन के लाभ और महत्व के बारे में बताया जाना जरूरी है। पर्यटन का प्रभाव सांस्कृतिक स्तर पर भी विशेष रुप से पड़ता है, क्योंकि सांस्कृतिक स्थलों पर पर्यटन को बढ़ावा देना सभ्यता और संस्कृति के विकास का जरिया है।

मौजूदा छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार ने राम वन गमन पर्यटन परिपथ शुरू किया है तो छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परम्परा, आस्था, खेलकूद व खान-पान को बढ़ावा देने के लिए भी अनेक योजनाएं शुरू की है ताकि छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक खूबसूरती और यहां की जीवनशैली को और बेहतर तरीके से समझा और जाना जा सके। जरूर कोरिया अंचल की सैर कीजिये और प्रकृति के बीच रहने का आनन्द लीजिए।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### गरीबों के आवास छीनने वाले मोदी की पोल खुलने पर भाजपा तिलमिला रही - कांग्रेस

**रायपुर।** भाजपा के आरोप पर तीखा पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गरीबों के आवास छीनने वाले मोदी सरकार की पोल खोली तब भाजपा के नेता तिलमिला रहे हैं। कल तक जो भाजपा प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम से झूठ की राजनीती कर रहे थे। आज सच सामने आने से मुंह छिपा रहे हैं। यह सच है मोदी सरकार ने ही प्रदेश के लाखो गरीबों से उनका आवास छीना हैं। उनके स्वयं के घर के सपने को कुचला है। भाजपा के नेता मोदी की चाटुकारिता में प्रदेश के गरीबों के साथ हुऐ अन्याय अत्याचार पर भी मौन थे और मोदी के गुणगान करने के लिए राज्य सरकार पर झूठे आरोप लगा रहे थे। मुख्यमंत्री आवास न्याय योजना के तहत लाखों बेघर को घर दिया जा रहा है तब भाजपा नेता राजनीति कर रहे हैं असल मायने में भाजपा गरीब विरोधी है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा नेताओं को बताना चाहिए कि आखिर मोदी सरकार ने 2021-22 के लिए आवंटित ग्रामीण क्षेत्रों में 7,81,999 घरों के लक्ष्य को तत्काल प्रभाव से वापस लेकर गरीबों के साथ अन्याय क्यों किया?भाजपा के सांसदो ने गरीबो को उनका घर दिलाने केंद्र में प्रयास क्यों नही किया? मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरीबो को आवास दिलाने प्रधानमंत्री को पत्र लिखे तो भाजपा सांसद मौन क्यों थे? 2022-23 में भी गरीबों को आवास नहीं दिया गया। भाजपा नेता प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम से सिर्फ राजनीति कर गरीबों को गुमराह कर रहे थे भरमा रहे थे और मोदी सरकार की गरीब विरोधी चरित्र पर पर्दा कर रहे थे।

### विधासभा उपाध्यक्ष ने अड़ेगा रीपा में प्राकृतिक गोबर पेंट इकाई का किया शुभारंभ

**रायपुर।** विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने कोण्डागांव जिले में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत ग्राम पंचायत अड़ेगा के महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में प्राकृतिक गोबर पेंट इकाई का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने गोबर पेंट निर्माण कर रही महिला समूह को 01 लाख रुपए का चेक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से गोबर पेंट इकाई की शुरुआत हुई है। निश्चित रूप से समूह की महिलाओं को गोबर पेंट निर्माण एवं बिक्री से भरपूर लाभ मिलेगा साथ ही इससे होने वाले आय से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगी। इस अवसर पर उन्होंने अड़ेंगा में गोंडवाना समाज भवन का भूमिपूजन, देवगुड़ी भवन और कंवर समाज भवन का लोकार्पण तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवन में प्रोजेक्टर का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रमों को जिला पंचायत अध्यक्ष श्री देवचंद मातलाम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उर्दू अकादमी बोर्ड के सदस्य सगीर कुरैशी, जनपद उपाध्यक्ष गिरधारी सिन्हा, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश का पहला गन्ना आधारित एथेनॉल प्लांट का किया लोकार्पण

## पीपीपी मॉडल से इथेनॉल प्लांट की स्थापना का देश में पहला उदाहरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय से विडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से 141 करोड़ रूपए की लागत से प्रदेश का पहला गन्ना आधारित एथेनॉल प्लांट का लोकार्पण किया। लोकार्पण के अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर विशेष रूप से उपस्थित थे। राज्य शासन द्वारा कबीरधाम जिले में प्रदेश का गन्ना आधारित सबसे बड़ा और पहला एथनॉल प्लांट की स्थापना की गई है। एथनॉल प्लांट की स्थापना भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना की खाली भूखंड की 35 एकड़ भूमि में निर्माण किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कृषि पर आधारित इथेनॉल उद्योग ड्रीम प्रोजेक्ट है।








मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कृषि पर आधारित इथेनाल प्लांट प्राथमिकता वाली योजनाओं में है। पीपीपी मॉडल से स्थापित देश के पहले इथेनॉल प्लांट की स्थापना के संबंध में अनुबंध भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने तथा छत्तीसगढ़ डिस्टीलरी लिमिटेड की सहायक इकाई एन.के.जे. बॉयोफ्यूल लिमिटेड के मध्य किया गया है। इथेनॉल संयंत्र की स्थापना से क्षेत्र में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे तथा क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि का आधार मजबूत होगा। किसानों को गन्ना मूल्य का समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा।

मुख्यमंत्री श्री बघेल के नेतृत्व में सरकार के गठन के साथ ही किसानों से संबंधित मुद्दे सर्वोपरि रहे हैं, सर्वप्रथम कृषि ऋणों की माफी की गई तथा गन्ना किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए शक्कर कारखानों की आर्थिक कठिनाई के स्थाई निदान के लिए पीपीपी मॉडल से इथेनॉल प्लांट की स्थापना की गई है। पी.पी.पी. मॉडल से ईथेनॉल प्लांट की स्थापना का पूरे देश में यह पहला उदाहरण है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के एमडी श्री भूपेन्द्र ठाकुर ने बताया कि इथेनाल प्लांट हाईब्रीड टेक्नालाजी से है, जिसमें गन्ना पेराई सीजन के दौरान सीधे गन्ने के जूस से तथा आफ सीजन के दौरान मोलासीस से इथेनाल बनाया जाएगा।

गन्ने के रस को इथेनाल में डायवर्ड करने के कारण अधिक जूस की जरूरत पड़ेगी उसकी पूर्ति के लिए किसानों से अधिक से अधिक गन्ना क्रय किया जाएगा। इथेनाल प्लांट के निर्माण से किसानों को गन्ने के मूल्य का भुगतान समय पर सुनिश्चित हो सकेगा। आर्थिक परिवेश को ध्यान में रखते हुए राज्य की अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए निजी क्षेत्र की आर्थिक एवं तकनीकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पी.पी.पी. मॉडल का चयन किया गया। राज्य शासन के निर्णय के पालन में प्रथम चरण में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने में पी.पी.पी. मॉडल से इथेनॉल प्लांट की स्थापना की गई है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा में न्यूनतम 80 के.एल.पी.डी. क्षमता के ईथेनॉल प्लांट की स्थापना के लिए देश का पीपीपी मॉडल से पहला उदाहरण होने के कारण निवेशक चयन के लिए प्रक्रिया के सूक्ष्म पहलूओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर निविदा सफलतापूर्वक पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से पूर्ण की गई।

जिला पंचायत कवर्धा के सभाकक्ष में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में जिले से पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, क्रेडा के सदस्य कन्हैया अग्रवाल, राज्य योग आयोग के सदस्य गणेश नाथ योगी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी, रामकुमार भट्ट, विरेन्द्र जांगड़े, पार्षद अशोक सिंह कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, डीएफओ चूड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल सहित जिले के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री बघेल से आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में सौंरा, गोंड़, बिझिया, उरांव, भुंजिया आदि 12 समाज के प्रतिनिधियों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल द्वारा विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर अंतर्गत डभरा में आगामी 3 अक्टूबर को आयोजित होने वाले समाज के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का आमंत्रण दिया गया।

मुख्यमंत्री बघेल ने प्रतिनिधिमंडल को सम्मेलन में आमंत्रण के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जनजाति समुदाय को उनके अधिकारों का लाभ दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री श्री बघेल से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि छत्तीसगढ़ की विभिन्न जातियों को अनुसूचित जनजातियों में शामिल किए जाने संबंधित विधेयक पारित होने पर समाज में काफी हर्ष व्याप्त है।

इसके तहत मुख्यमंत्री श्री बघेल के प्रति आभार प्रदर्शन के लिए सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी अवगत कराया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ के जाति समुदायों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सर्वश्री रोहित सिदार, रवि सिदार, खोलबहरा सिदार, लकेश्वर श्याम, दीनबन्धु, शत्रुघन, अनिल बिंझिया, समारूलाल, सुरेश उरांव, महेश सिदार, टेकलाल, तुलसी केसर, सुरेश बिसेन, संतोष कुमार, युधिष्ठिरराज, नंदलाल, शिवकुमार, सेतकुमार एवं रतन सिदार आदि उपस्थित थे।

# फोर्टिफाईड चावल के उपयोग हेतु जनता को जागरूक बनाने की जरूरतः डॉ. चंदेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत आयरन, फोलिक एसिड तथा विटामिन बी12 पोषणयुक्त (फोर्टिफाईड) चावल के वितरण से प्रदेश में पोषण की गुणवत्ता में काफी सुधार आया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विश्व खाद्य कार्यक्रम के सहयोग से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रदेश की जनता को उपलब्ध कराये जाने वाले चावल के फोर्टिफिकेशन हेतु तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

आज संपूर्ण छत्तीसगढ़ में राशन दुकानों के माध्यम से 6 लाख टन पोषणयुक्त चावल का वितरण किया जा रहा है। डॉ. चंदेल ने कहा कि पोषणयुक्त चावल के उपयोग हेतु आम जनता को अधिक जागरूक बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों तथा विभिन्न कृषि महाविद्यालयों के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना



कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता को पोषणयुक्त चावल का महत्व बताने तथा इसके उपयोग हेतु जागरूकता उत्पन्न करने पर जोर दिया। डॉ. चंदेल आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विश्व खाद्य कार्यक्रम के सहयोग से ''चावल के फोर्टिफिक्केशन के महत्व'' विषय पर आयोजित एक दिवसीय वेबिनार को संबोधित कर रहे थे।
इस वेबिनार को छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अपर संचालक श्री राजीव कुमार जायसवाल, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. अजय कुमार वर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा, विश्व खाद्य कार्यक्रम के उप प्रमुख पोषण एवं शालेय पोषण कार्यक्रम डॉ. सिद्धार्थ वाघुलकर, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सतीष वेरूलकर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की उप संचालक सुश्री श्रुति नेरकर तथा विश्व खाद्य कार्यक्रम की छत्तीसगढ़ प्रतिनिधि सुश्री कस्तुरी पंड़ा ने भी संबोधित किया। डॉ. शुभा बैनर्जी ने कार्यशाला का विषय प्रतिपादन किया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पोषणयुक्त खाद्यान्न वितरण योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 13 हजार राशन दुकानों के माध्यम से 6 लाख टन आयरन, फोलिक ऐसिड एवं विटामिन बी12 युक्त फोर्टिफाईड चावल का वितरण किया जा रहा है। इनमें से 10 हजार से अधिक राशन दुकानें ग्रमीण क्षेत्रों में संचालित हैं। प्रणाली के अंतर्गत वितरित फोर्टिफाईड चावल के फोर्टिफिक्केशन हेतु विश्व खाद्य कार्यक्रम द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर को तकनीकी सहयोग इकाई बनाया गया है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा चावल के फोर्टिफिकेशन हेतु विकसित तकनीक के माध्यम से प्रदेश भर में स्थापित 100 इकाईयों में फोर्टिफाईड राईस बनाने की इकाईयाँ लग चुकी हैं।

इन 100 इकाईयों में तैयार आयरन, फोलिक ऐसिड तथा विटामिन बी12 युक्त फोर्टिफाईड चावल को 2 हजार राईस मिलों तक पहुंचाया जाता है, जहां प्रति 99 किलो सामान्य चावल में एक किलो फोर्टिफाईड चावल मिलाकर इन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यशाला में बताया गया कि पोषणयुक्त चावल के उपयोग के संबंध में जनता में जागरूकता की कमी होने के कारण फोटिफाईड चावल को भी आम चावल की तरह सूपे द्वारा साफ किया जाता है तथा उबालकर पसिया निकाल दिया जाता है जिसकी वजह से फोर्टिफाईड चावल में मिलाये गये पोषक तत्व का ह्रास हो जाता है।

# वनों के संवर्धन और सुरक्षा में वन विभाग के अमले की महती भूमिका- मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने राजधानी के शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित स्टार अंलकरण कार्यक्रम में उप वन क्षेत्रपाल से वन क्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नत 58 अधिकारियों को अलंकृत कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



वन मंत्री श्री अकबर ने स्टार अलंकरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ वन सम्पदा के मामले में एक समृद्ध राज्य है। वनों के संरक्षण तथा संवर्धन और विकास में विभाग और इसके अमले का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसके मद्देनजर हमारी सरकार द्वारा राज्य में विगत वर्षों के दौरान विभाग के साथ ही यहां कार्यरत अमले के हित में भी अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके तहत विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों के पदोन्नति आदि कार्य नियमित क्रम में लगातार हो रहे है। इस तरह सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है।

वन मंत्री श्री अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में वन विभाग में विगत वर्षों के दौरान सिर्फ वनों के संरक्षण तथा संवर्धन को ही बढ़ावा नहीं मिला है, बल्कि यहां वनवासियों की उन्नति की दिशा में भी निरंतर कार्य हो रहे है। यही वजह है कि विगत दो वर्षों से छत्तीसगढ़ लघु वनोपजों के संग्रहण तथा प्रसंस्करण आदि कार्यों में देश में लगातार अव्वल बना हुआ है। इसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर 09 पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया है। कार्यक्रम को वन विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनोज पिंगुआ ने भी संबोधित किया और सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनूप विश्वास, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीता गुप्ता, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कौशलेन्द्र कुमार, मुख्य वन संरक्षक राजू आगासिमनी, वनमंडलाधिकारी विष्वेश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1041.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 1041.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से 26 सितंबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1632.6 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 471.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 772.8 मिमी, बलरामपुर में 925.9 मिमी, जशपुर में 869.5 मिमी, कोरिया में 916.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 899.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 1184.7 मिमी, बलौदाबाजार में 1197.0 मिमी, गरियाबंद में 914.2 मिमी, महासमुंद में 1024.1 मिमी, धमतरी में 953.5 मिमी, बिलासपुर में 1233.8 मिमी, मुंगेली में 1353.9 मिमी, रायगढ़ में 1218.3 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 976.2 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1167.3 मिमी, सक्ती में 1037.0 मिमी, कोरबा में 1041.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1113.1 मिमी, दुर्ग में 896.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 918.7 मिमी, राजनांदगांव में 1146.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1263.2 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 1083.6 मिमी, बालोद में 1002.0 मिमी, बेमेतरा में 933.0 मिमी, बस्तर में 1005.4 मिमी, कोण्डागांव में 1019.9 मिमी, कांकेर में 984.4 मिमी, नारायणपुर में 920.0 मिमी, दंतेवाड़ा में 1032.0 मिमी और सुकमा में 1380.3 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### बारहवीं पास बेरोजगारों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**रायपुर।** बारहवीं पास बेरोजगार युवक-युवतियों को दस हजार रुपये मासिक वेतन की नौकरी पाने का सुनहरा अवसर 29 सितम्बर को मिल रहा है। जिला प्रशासन के सहयोग से रायपुर स्थित कनेक्ट ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सोलयुशन कंपनी द्वारा लगभग 40 पदों पर भर्ती के लिए जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। 29 सितम्बर 2023 को सुबह 11 बजे से यह जॉब फेयर रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर रायपुर में आयोजित होगा। इस जॉब फेयर के माध्यम से एकांउटेंट, सेल्स मार्केटिंग, टेली कॉलर और बीपीओ के पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए बारहवीं कक्षा के साथ टेली और कम्प्यूटर पास युवा पात्र होंगे। इस जॉब फेयर में रोजगार के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को भर्ती में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। जॉब फेयर के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायपुर से भी संपर्क किया जा सकता है।

### छत्तीसगढ़ के तीन पुलिस अधिकारी फिक्की अवार्ड से सम्मानित

**रायपुर।** देश की प्रतिष्ठित फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से अच्छे कार्यों तथा बेस्ट प्रेक्टिसेस पर राज्य के पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया जाता रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 15 सितम्बर, 2023 को नई दिल्ली में फिक्की संस्था द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग एवार्ड- 2022 के लिए राज्य के तीन पुलिस अधिकारियों को इस प्रतिष्ठापूर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

पुरस्कार प्राप्त करने वाले अधिकारियों में कम्युनिटी पुलिसिंग केटेगरी में जिला दंतेवाड़ा में चलाये गये लोन वर्राटू कार्यक्रम के लिए दंतेवाड़ा के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव (आईपीएस), जो वर्तमान में जिला कबीरधाम के पुलिस अधीक्षक हैं, सर्विलेंस एवं मॉनिटरिंग केटेगरी में जिला राजनांदगांव में चलाये गये त्रिनेत्रम अभियान के लिए तत्कालीन नगर पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव एवं वर्तमान नगर पुलिस अधीक्षक, आजाद चौक, रायपुर मयंक गुर्जर (आईपीएस) तथा वूमेन सेफ्टी केटेगरी में राज्यस्तरीय अभिव्यक्ति कार्यक्रम के लिए पूजा अग्रवाल, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, सीआईडी, पुलिस मुख्यालय को फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग एवार्ड-2022 से सम्मानित किया गया है, जो राज्य पुलिस के लिए गौरव का विषय है।

# साकार हो रहा है, नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्पः मुख्यमंत्री बघेल

### दूरस्थ आदिवासी अंचलों के विकास पर सर्वाधिक फोकस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में 26 जिलों में 6080 करोड़ रुपए की लागत के 7300 कार्यों का एक साथ लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन कार्यों में से 2668 करोड़ रूपए की लागत के 3978 कार्यों का लोकार्पण, 2805 करोड़ रुपए की लागत के 2692 कार्यों का भूमिपूजन और 606 करोड़ रुपए की लागत के 630 कार्यों का शिलान्यास किया गया।

**मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम में 6080 करोड़ रुपए की लागत के 7300 कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन**



मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प साकार हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा अधोसंरचना विकास और निर्माण के कार्यों के साथ-साथ किसानों, मजदूरों, लघु वनोपज संग्राहकों सहित सभी वर्गों की बेहतरी के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की अभिनव योजनाओं और नवाचारों की चर्चा पूरे देश में हो रही है। आज जिन कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन हुआ है, उनमें सूरजपुर, दंतेवाड़ा, बलरामपुर जैसे जिलों में सर्वाधिक काम हुए हैं। दूरस्थ अंचलों पर ज्यादा फोकस किया गया है।

गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सभी वायदे पूरे किए हैं। सभी वर्गों के लिए योजनाएं बनायी गई। अधोसंरचना विकास के लिए पांच वर्षों में सड़क, पुल-पुलिया बनाने के कार्य बड़े पैमाने पर हुए है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि विकास के कार्यों में राज्य सरकार ने राशि की कमी नहीं होने दी।

### छत्तीसगढ़ में किया जाता है देश के तीन चौथाई लघु वनोपज का संग्रहणः सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता आम जनता की आय में वृद्धि कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है, इसके लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। छत्तीसगढ़ में किसानों को धान, कोदो, कुटकी, रागी, गन्ना सहित विभिन्न उपजों का सबसे ज्यादा मूल्य मिल रहा है। देश के तीन चौथाई लघु वनोपज का संग्रहण छत्तीसगढ़ में किया जाता है। तेंदूपत्ता की सबसे ज्यादा कीमत यहां मिल रही है। आवासहीनों को घर की छत दिलाने के लिए कल एक नयी योजना छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत 7 लाख आवासहीनों को पहली किस्त के रूप में 25-25 हजार रूपए की राशि दी गयी है। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में नये 47 हजार पात्र लोगों को तथा श्रमिकों को भी आवास निर्माण के लिए राशि दी गई है। राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किये गए है। अपनी छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा को मजबूत बनाने का काम किया गया है। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश में चहुंमुखी विकास को गति मिले।

उन्होंने कहा कि जिन कार्यों का भूमिपूजन किया गया है, वे जल्दी प्रारंभ किए जाए। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पांच वर्षों में किए गए कार्य छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मील का पत्थर साबित हुए हैं। वन एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि 6080 कार्यों का लोकर्पण एवं भूमिपूजन किया गया है, जिससे यह साबित होता है कि अधोसंरचना विकास में राज्य सरकार द्वारा कोई कमी नहीं होने दी गई। उन्होंने इन विकास कार्यों से लाभान्वित होने वाले लोगों को शुभकामनाएं दीं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि आज प्रदेशवासियों के लिए खुशी का दिन है, छत्तीसगढ़ के विकास का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में दंतेवाड़ा जिले में 495 करोड़ रूपए की लागत के 250 कार्यों, नारायणपुर में 302 करोड़ रुपए की लागत के 775, मोहला-मानपुर-चौकी में 37.56 करोड़ रुपए के 49, राजनांदगांव में 32 करोड़ रुपए की लागत के 80 कार्यों, बालोद में 424.37 करोड़ रुपए की लागत के 620, धमतरी में 211 करोड़ रुपए के 895 कार्य, गरियाबंद में 140 करोड़ रुपए के 330 कार्य, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में 56.86 करोड़ रुपए के 11 कार्य, दुर्ग जिले में 69 करोड़ रुपए के 21 कार्य, रायपुर जिले में 385 करोड़ रुपए के 695 कार्य, महासमुंद जिले में 145.33 करोड़ रुपए के 83 कार्य, बेमेतरा जिले के 304.49 करोड़ रुपए के 203 कार्यों, कबीरधाम में 355.5 करोड़ रुपए के 133 कार्यों, मुंगेली में 123.53 करोड़ रुपए के 243 कार्य, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में 44.37 करोड़ रुपए के 83 कार्य, जांजगीर-चांपा जिले में 46.50 करोड़ रुपए के 80 कार्य, सक्ती में 280 करोड़ रुपए के 194 कार्य, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 185 करोड़ रुपए के 336 कार्य, कोण्डागांव में 19 लाख रुपए की लागत के 01 कार्य, रायगढ़ में 131 करोड़ रुपए के 691 कार्य, कोरबा में 150.51 करोड़ रुपए की लागत के 73 कार्य, जशपुर में 447.38 करोड़ रुपए की लागत के 906 कार्य, सरगुजा में 203.44 करोड़ रुपए की लागत के 262 कार्य, सूरजपुर में 734.60 करोड़ रुपए के 259 कार्य, कोरिया जिले में 103.62 करोड़ रुपए के 109 कार्य, बलरामपुर जिले में 393.22 करोड़ रुपए के 65 कार्य तथा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 14.50 करोड़ रुपए की लागत के 02 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज, विधायक चक्रधर सिंह, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव गृह मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव अंकित आनंद, डॉ. एस. भारतीदासन, विशेष सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग महादेव कांवरे उपस्थित रहे।

### रायपुर में तैयार हुई छत्तीसगढ़ की पहली टेनिस अकादमी

# टेनिस अकादमी में है एक मुख्य सिंथेटिक कोर्ट तथा 5 प्रेक्टिस सिंथेटिक कोर्ट



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खेलों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है और इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुसार विश्वस्तरीय खेल मैदान भी तैयार किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम के बाद खेलों के लिए अब एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। ये सौगात रायपुर में टेनिस अकादमी के रूप में प्रदेश की जनता को मिलने जा रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार 27 सितंबर को टेनिस स्पोर्ट्स अकादमी (छात्रावास एवं प्रशासनिक भवन) का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल तथा लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू भी उपस्थित रहेंगे। रायपुर के लाभांडी में 17.15 करोड़ रुपए की लागत से तैयार ये टेनिक अकादमी छत्तीसगढ़ की पहली और सबसे बड़ी अकादमी होगी।

4 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की गयी टेनिस स्पोर्ट्स अकादमी को तीन मुख्य हिस्सों में विभाजित किया गया है। पहला भाग एडमिन बिल्डिंग है जो तीन मंजिला है। इसमें रूम, हाल, जिम, वीआईपी लाउंज के साथ ही मीडिया सेंटर के साथ ही 500 की दर्शक क्षमता के साथ अनेक सुविधाएं होंगी। दूसरे हिस्से के रूप में अकादमी की हास्टल बिल्डिंग है। यह भी तीन मंजिला है जिसमें कार्यालय, अधीक्षक रूम, पार्किंग, किचन, डायनिंग जैसी अनेक सुविधाएं होगी। तीसरे हिस्से के रूप में मुख्य स्टेडियम है जहां 2500 दर्शकों के बैठने की क्षमता है।

### टेनिस अकादमी की विशेषताएं

- टेनिस एकेडमी अंतर्गत 1 नग मुख्य टेनिस कोर्ट (सिंथेटिक) एवं 5 नग प्रेक्टिस टेनिस कोर्ट (सिंथेटिक) का प्रावधान किया गया है।
- टेनिस एकेडमी का निर्माण कुल 4 एकड़ क्षेत्रफल अंतर्गत किया गया है।
- टेनिस कोर्ट निर्माण हेतु अल्ट्रा कुशन 9 लेयर सिंथेटिक सरफेस उपयोग किया गया है।
- मुख्य टेनिस कोर्ट की दर्शक क्षमता 2000 एवं मुख्य भवन अंतर्गत व्ही आई पी दर्शक क्षमता 500 रखी गई है।
- दर्शक बैठक व्यवस्था हेतु स्टेडियम चेयर का प्रावधान रखा गया है।
- स्टेडियम अंतर्गत कुल वाहन पार्किंग क्षमता 150 नग रखी गई है।
- मुख्य टेनिस कोर्ट अंतर्गत कुल 40000.00 वॉट क्षमता लाइट 1500 लक्स लेवल एवं प्रत्येक प्रेक्टिस कोर्ट अंतर्गत 4900 वॉट क्षमता लाइट 500 लक्स लेवल अंतर्राष्ट्रीय मानक अनुसार ब्रांड कास्टिंग सुविधा हेतु लगाई गई है।
- टेनिस एकेडमी अंतर्गत निर्बाध विद्युत प्रवाह हेतु 315 के व्ही के सबस्टेशन एवं आपातकालीन विद्युत प्रवाह हेतु 165 केव्हीए क्षमता के डी जी सेट का भी प्रावधान किया गया है।
- टेनिस एकेडमी में हॉस्टल एवं मुख्य भवन में आवश्यकतानुसार एयर कंडिशनिंग की भी व्यवस्था की गई है।
- खिलाडियों हेतु हॉस्टल भवन अंतर्गत कुल 46 नग रूम की व्यवस्था की गई है जिसके अंतर्गत 92 खिलाडियों के रुकने की व्यवस्था है। साथ ही खिलाडियों के भोजन हेतु डायनिंग हॉल भी निर्मित किया गया है।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को विश्व पर्यटन दिवस की दी शुभकामनाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री बघेल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि छत्तीसगढ़ पर्यटन की संभावनाओं से परिपूर्ण राज्य है। जहां प्राकृतिक सौंदर्य के मनोरम स्थलों के साथ धार्मिक और पौराणिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के अनेक स्थल हैं। नदियां, झरने, जल प्रपात, सघन वनों से आच्छादित पर्यटन स्थल बरबस ही पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। छत्तीसगढ़ के अनेक स्थल हमारी प्राचीन पौराणिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े हुए हैं। राज्य सरकार का पूरा ध्यान यहां के पर्यटन को विकसित करने की ओर केंद्रित है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्राचीन दंडकारण्य वन और माता कौशल्या की जन्म-स्थली हमारे गौरव हैं। इंद्रावती नदी पर चित्रकोट जलप्रपात, सिरपुर का प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर और बस्तर का दशहरा पूरे देश में प्रसिद्ध है। ऐसी मान्यता है कि छत्तीसगढ़ के रामगढ़ की पहाड़ियों में महाकवि कालीदास ने मेघदूत की रचना की है। यहां सबसे प्राचीन नाट्यशाला है। बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ का पर्यटन परिदृश्य एवं सांस्कृतिक परंपरा अनोखी है। छत्तीसगढ़ के पौराणिक महत्व और उसकी खूबसूरती से देश-दुनिया का परिचय कराने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। यहां के पर्यटन केन्द्रों को विकसित किया जा रहा है। भगवान रामचंद्र अपने वनवास के दौरान प्राचीन छत्तीसगढ़ (दक्षिण कोसल) के जिन क्षेत्रों से गुजरे थे, उसे राम वनगमन पर्यटन परिपथ के रूप में विकसित किया जा रहा है। कोरिया से लेकर सुकमा तक इस पर्यटन परिपथ का निर्माण किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत देश-विदेश के पर्यटकों को उच्च स्तर की सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजिम में लगने वाले मेले को राजिम पुन्नी मेला के नाम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा से जोड़ कर नया स्वरूप दिया गया है। छत्तीसगढ़ में ईको एवं ट्राइबल टूरिज्म के तहत 13 स्थानों को एथनिक स्थलों में विकसित किया जा रहा है। जल एवं साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में सतरेंगा का विकास एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके साथ ही राज्य में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन कर छत्तीसगढ़ को विश्व पटल पर स्थापित करने का प्रयास किया गया है।

# रोमांच से भरपूर रहा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का दूसरा दिन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने अपना पूरा दमखम लगाया। अपने खेल विधा में पारंगत खिलाड़ी एक-दूसरे को पछाड़ने के लिए पूरी जोर अजमाइश करते दिखे। खेल-प्रेमियों ने भी खिलाड़ियों का खूब जोश बढ़ाया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। प्रशासन ने भी इस खेल आयोजन के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए हैं। 25 सितंबर से चली आ रही इस प्रतियोगिता का 27 सितंबर को समापन होगा। समापन समारोह सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित है। जिसके मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे एवं अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल करेंगे।

राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 5 संभागों से आए 1906 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें रायपुर संभाग के 383 खिलाड़ियों में से 18 वर्ष तक के 122, 18 से 40 वर्ष तक के 133 एवं 40 वर्ष से अधिक के 128 खिलाड़ी शामिल हैं। इसी तरह बिलासपुर संभाग के 384 खिलाड़ियों में से 18 वर्ष तक के 128, 18 से 40 वर्ष तक के 128 एवं 40 वर्ष से अधिक के 128 खिलाड़ी, दुर्ग संभाग के 379 खिलाड़ियों में से 18 वर्ष तक के 125, 18 से 40 वर्ष तक के 128 एवं 40 वर्ष से अधिक के 126 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सरगुजा संभाग के 380 खिलाड़ियों में से 18 वर्ष तक के 127, 18 से 40 वर्ष तक के 127 एवं 40 वर्ष से अधिक के 126 खिलाड़ी और बस्तर संभाग के 380 खिलाड़ियों में से 18 वर्ष तक के 127, 18 से 40 वर्ष तक के 128 एवं 40 से अधिक वर्ष से अधिक के 125 खिलाड़ी 16 खेल विधा में शामिल होकर अपना दमखम दिखा रहे हैं।

राज्य स्तरीय छत्तीसढ़िया ओलंपिक प्रतियोगिता रायपुर के 4 खेल मैदानों में चल रहा है। सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम बुढ़ापारा में फुगड़ी, बिल्लस, भंवरा, बांटी (कांचा), रस्सीकूद एवं कबड्डी का आयोजन हो रहा है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094



● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333


आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com


BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# डिप्रेशन का दूध से है गहरा कनेक्शन, इन चीजों से भी मिल सकता है तनाव से छुटकारा

तेजी से भागती दौड़ती दुनिया में डिप्रेशन और एंजाइटी तेजी से अपने पैर पसार रहे हैं। कामकाज का तनाव, रिश्तों का तनाव हो या कंपटीशन का तनाव, इन सभी चीजों का असर सीधा मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। यही कारण है कि डॉक्टर फिजिकल फिटनेस के साथ साथ मेंटल फिटनेस पर भी फोकस करने की सलाह देते हैं। मेंटल फिटनेस की बात की जाए तो आप अपनी डाइट में कुछ बदलाव करके डिप्रेशन और तनाव से छुटकारा पा सकते हैं। ऐसे में हाल ही में कराए गए कुछ अध्ययन कहते हैं कि डिप्रेशन और तनाव जैसी समस्याओं से बचना है तो डाइट में दूध को एड करने से फायदा मिलता है। चलिए जानते हैं कि दूध पीने से तनाव दूर होने का क्या कनेक्शन है।



### डिप्रेशन में दूध पीना कितना फायदेमंद

हाल ही में इस संबंध में हुई एक स्टडी में कहा गया है कि तनाव या डिप्रेशन को दूर रखने के लिए विटामिन डी युक्त डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन लाभ करता है। डेयरी प्रोडक्टस में पाए जाने वाले पोषक तत्व मेंटल डिसऑर्डर को दूर रखने में सहायक होते हैं। इसके साथ ही शरीर में विटामिन डी की कमी से मेंटल फिटनेस पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में अगर शरीर को पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी की खुराक दी जाए तो मेंटल इलनेस जैसे तनाव, डिप्रेशन, एंजाइटी आदि में लाभ मिलता है। देखा जाए तो दूध सीथा डिप्रेशन पर असर नहीं करता, लेकिन इसके अंदर पाया जाने वाला विटामिन डी डिप्रेशन के जोखिमों को दूर करने में मददगार साबित होता है।

### गाजर खाने से भी होगा फायदा

हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि केवल दूध ही नहीं गाजर के सेवन से भी डिप्रेशन के लक्षणों में कमी आती है। गाजर में पाया जाने वाला बीटा कैरोटीन अवसाद में फायदा करता है और इससे मेंटल फिटनेस भी अच्छी होती है।

### हरी पत्तेदार सब्जियां भी करती हैं लाभ

हरी पत्तेदार सब्जियों में पाया जाने वाला फोलेट डिप्रेशन से बचाने में सहायक साबित होता है। इन सब्जियों में पाए जाने वाले पोषक तत्व तनाव और मेंटल इलनेस को दूर करते हैं। इसलिए रोज डाइट में एक ना एक हरी और पत्तेदार सब्जी जरूर शामिल करनी चाहिए।

# फ्रिज में आटा रख कर आप भी खाते हैं रोटी तो हो जाएं सावधान
## नहीं तो हो सकता है यह नुकसान

आजकल के व्यस्त जीवनशैली में, अधिकांश लोग सुबह के लिए आटे की रोटियां तैयार करने के लिए रात को ही आटा गूथ कर फ्रिज में रख देते हैं। इसलिए क्योंकि सुबह उठते ही नहाने-धोने और बच्चों को तैयार करने में व्यस्त रहने के कारण आटे को गूथने और रोटियां बनाने का वक्त नहीं मिल पाता। इसीलिए रात को सोने से पहले आटा गूथ कर फ्रिज में रख देना आसान लगता है। यही नहीं लोग आसानी के लिए बचा हुआ आटा फ्रिज में रख देते हैं, परन्तु यह एक गलत आदत है जिससे हमें बचना चाहिए। आइए जानते हैं फ्रिज में रखे आटे से बनी रोटियां खाने से क्या परेशानी होती है।



### बैक्टीरिया पनपता है

फ्रिज में रखने से आटे में बैक्टीरिया पनप सकते हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। फ्रिज की ठंडक बैक्टीरिया को मारती नहीं है।

### पोषक तत्वों की कमी

फ्रिज में रखने से आटे में मौजूद विटामिन और मिनरल्स खराब हो सकते हैं जिससे आटे का पोषक मूल्य कम हो जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आपको आटा फ्रिज में रखना ही है, तो उसे 6-7 घंटे से ज्यादा समय तक ना रखें। आटे में कई प्रकार के रसायन पाए जाते हैं। आटे को लंबे समय तक फ्रिज में रखने से ये रसायन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। साथ ही, फ्रिज की हानिकारक किरणें और गैसें आटे में समा जाती हैं, जो आटे के स्वाद और सेहत दोनों के लिए अच्छी नहीं होतीं।

### स्वाद में कमी

आटे में मौजूद ग्लूटेन फ्रिज में रखने से क्षतिग्रस्त हो सकता है जिससे रोटियां सख्त और गुठली बन सकती हैं। फ्रिज में रखे आटे से बनी रोटियां जल्दी खट्टी हो सकती हैं और स्वाद में अंतर आ सकता है। फ्रिज में रखने से आटे में नमी जमा हो जाती है जिससे रोटियां चिपचिपी और भारी बनती हैं।

### पेट संबंधित समस्याएं

फ्रिज में रखने से आटे में बैक्टीरिया और फंगस पनप सकते हैं जो फूड पॉइजनिंग का कारण बनते हैं। इससे पेट दर्द, उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं। फ्रिज में रखे आटे के गुण बिगड़ते हैं जिससे पाचन तंत्र पर बुरा असर पड़ सकता है। कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। फ्रिज में रखे आटे में एलर्जेन बढ़ सकते हैं जो आंतों में सूजन का कारण बनते हैं।

# आलिया भट्ट ने की नई फिल्म की अनाउंसमेंट वसन बाला की जिगरा में नजर आएंगी एक्ट्रेस

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट हर बार अपनी एक्टिंग से फैंस को दीवाना बना लेती हैं। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के हिट होने के बाद आलिया ने अपनी एक और फिल्म जिगरा की अनाउंसमेंट कर दी है। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है। जो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस फिल्म ने करण जौहर और आलिया भट्ट एक बार फिर साथ में काम करने वाले हैं। दोनों मिलकर फिल्म को प्रोड्यूस करने वाले हैं। फिल्म को वसन बाला डायरेक्ट कर रहे हैं।




करण जौहर और आलिया भट्ट दोनों ने ही सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। वीडियो में आलिया का लुक दिखाया गया है साथ में एक वॉइस ओवर आता है। जिससे लग रहा है कि वह अपने छोटे भाई या बहन से कह रही हैं कि वो उन्हें कुछ नहीं होने देंगी। करण जौहर ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- मेरे जिगरा की वापसी। आलियाभट्ट एक बार फिर वसन बाला के डायरेक्शन में बन रही असाधारण कहानी लेकर आ रही हैं। अटूट प्रेम और अटूट साहस की कहानी। जिगरा 27 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

जिगरा में आलिया भट्ट ना सिर्फ एक्टिंग करने वाली हैं बल्कि इसे प्रोड्यूस भी करने वाली हैं। वह करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के साथ मिलकर इसे प्रोड्यूस करेंगी। आलिया के प्रोडक्शन हाउस एटरनल सनशाइन्स के तले उनकी फिल्म डार्लिंग्स भी बनी थी। जिसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया गया था।

वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट आखिरी बार फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह के साथ नजर आईं थीं। इस फिल्म को करण जौहर ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म से करण जौहर ने लंबे समय के बाद डायरेक्शन में वापसी की थी। फिल्म को ऑडियन्स ने बहुत पसंद किया है।

# मृणाल ठाकुर की आंख मिचौली की रिलीज तारीख आई सामने, पहला पोस्टर भी जारी

बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म आंख मिचौली को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनके अलावा अभिमन्यु, परेश रावल, शरमन जोशी, दिव्या दत्ता, अभिषेक बनर्जी, दर्शन जरीवाला, ग्रुशा कपूर और विजय राज जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।अब इस बीच आंख मिचौली की रिलीज तारीख सामने आ गई है। यह फिल्म इसी साल 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।




फिल्म आंख मिचौली का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसमें सभी कलाकार मस्ती भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसका निर्देशन उमेश शुक्ला द्वारा किया जा रहा है और फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। आशीष वाघ आंख मिचौली के निर्माता हैं।मृणाल की अन्य आगामी फिल्मों की बात करें तो वह पूजा मेरी जान और पिप्पा में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। इसके अलावा वह तेलुगु फिल्म हाय नन्ना और मटका का भी हिस्सा हैं। उमेश ने फिल्म इंडस्ट्री को कई बड़ी फिल्में दी हैं। इनमें 102 नॉट आउट, ओह माय गॉड जैसी फिल्में शामिल हैं।


इस फिल्म के साथ ही शरमन जोशी काफी लंबे अंतराल के बाद फिल्म इंडस्ट्री में वापसी कर रहे हैं। वहीं मृणाल ठाकुर और विजय राज हाल ही में रिलीज हुई फरहान अख्तर की फिल्म तूफान का हिस्सा रही हैं। अगर बात करें परेश रावल की तो वे जल्द ही कॉमेडी फिल्म हंगामा 2 में नजर आने वाले हैं।

# फिल्म एनिमल से बॉबी देओल की पहली झलक आई सामने, खून से लथपत दिखा चेहरा

तेलुगु डायरेक्टर संदीप वांगा रेड्डी की आने वाली चर्चित फिल्म एनिमल से एक्टर बॉबी देओल का फर्स्ट लुक शेयर किया गया है, जिसमें उनका विलेन के रूप में काफी खुंखार रूप दिख रहा है।

फिल्म एनिमल का टीजर जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसके पहले एक्टर्स का लुक शेयर करने का सिलसिला शुरू हो गया है। फिल्म 1 दिसंबर को रिलीज होगी।

इससे पहले रणबीर कपूर, अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना का पोस्टर शेयर किया जा चुका है। तब लोगों में काफी उत्साह देखा गया। वही, अब बॉबी देओल का क्रूर लुक सामने आया है। नए पोस्टर में बॉबी देओल का उग्र व्यक्तित्व की झलक दिख रही है, जो उन्हें फिल्म के नायक के लिए एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी बनेगा। इस पोस्टर में बॉबी के धांसू लुक को देख लोग मेकर्स की काफी तारीफ कर रहे हैं।




फिल्म एनिमल के इस नए पोस्टर में बॉबी देओल का चेहरा खून से सना दिख रहा है। एक्टर इसमें इशारे से चुप रहने का संकेत दे रहे हैं। बॉबी के इस क्रूर लुक वाले पोस्टर के कैप्शन में लिखा है-जानवर के हर दुश्मन के अंदर भी एक जानवर छिपा होता है... ये याद रखना बेटा!!! बॉबी देओल ने फिल्म में जानवर के प्रतिद्वंद्वी/दुश्मन का किरदार निभाया है।

# वेब सीरीज मेन्शन 24 में नजर आएंगी अभिनेत्री अविका गौर



अभिनेत्री अविका गोर जल्द ही वेब सीरीज मेन्शन 24 में नजर आने वाली हैं। अविका ने कहा कि राजू गारी गाधी 3 के निर्देशक ओमकार के साथ फिर से काम करना दिलचस्प रहा। अभिनेत्री ने कहा, निर्देशक ओमकार के साथ दोबारा काम करना बेहद दिलचस्प है। मैंने उनके साथ राजू गारी गाधी 3 में काम किया, इस तेलुगु फिल्म को काफी सफलता मिली, इसलिए मैं उनके साथ दोबारा काम करके बहुत खुश हूं।

अविका ने कहा, इस प्रोजेक्ट में, उनके पास कई कहानियां और कई एक्शन हैं और उनकी खूबी हॉरर और थ्रिलर है, जिसे वह दर्शकों के सामने ला रहे हैं। मुझे खुशी है कि मुझे तेलुगु बाजार में बड़े पैमाने पर किसी चीज का हिस्सा बनने का अवसर मिला है और मुझे उम्मीद है कि लोग मेरे इस पक्ष की सराहना करेंगे।

सीरीज के पोस्टर के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा, हां, पोस्टर बेहद दिलचस्प है क्योंकि आप वास्तव में यह पता नहीं लगा सकते हैं कि मैं अच्छी हूं, बुरी हूं या पीड़िता हूं। यह भ्रमित करने वाला है और मुझे यह पसंद है। मेरा पिछला कोई भी पोस्टर ऐसा नहीं था, इसलिए मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। जल्द ही इसका ट्रेलर जारी किया जाएगा। अविका ओटीटी क्षेत्र में कई फिल्मों, थिएटरों और श्रृंखलाओं पर काम कर रही है। उन्होंने कहा, बहुत कुछ हो रहा है, लेकिन मैं इस समय अधिक विवरण साझा नहीं कर सकती। जैसे ही घोषणाएं होनी शुरू होंगी, मैं विवरण साझा करूंगी। मैं इस परिवर्तन को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं क्योंकि एक अभिनेता के रूप में आपको विभिन्न प्लेटफार्मों पर बहुत सारे अवसर मिलते हैं और मुझे खुशी है कि मैं उन्हें एक साथ हासिल करने में सक्षम हूं। उन्होंने कहा, मुझे इस बात की भी खुशी है कि मैं लगातार हिंदी और तेलुगु में परियोजनाओं पर काम कर रही हूं और अभी बहुत कुछ आना बाकी है।

छुट्टियों को लेकर अभिनेत्री ने कहा कि गणेश उत्सव के दौरान भी मैं डबिंग कर रही थी। मैं शूटिंग के बाद और उससे पहले अपने परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने की कोशिश करती हूं। मैं व्यस्त रहना पसंद करती हूं।

# ग्रीन थाई स्लिट गाउन पहन अवनीत कौर ने दिखाई दिलकश अदाएं, बोल्ड लुक देख घायल हुए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर ने बेहद ही कम उम्र में इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन फोटोज में एक्ट्रेस की हुस्न की बेबाक अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। हालांकि फैंस उनकी तारीफ करते हुए भी नहीं थक रहे हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस के बीच तेजी से लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम प पोस्ट करती हैं तो हर वक्त इंटरनेट पर तबाही मच जाती है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने ग्रीन कलर की स्टाइलिश थाई स्लिट गाउन पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस आउटफिट में बेहद ही सिजलिंग एंड हॉट नजर आ रही हैं। फैंस अवनीत कौर की इन तस्वीरों को देखकर एक बार फिर अपना दिल हार गए हैं। अपने बालों का बन बनाकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने लुक को ग्लैमरस तरीके से निखारा है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थकते हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### निर्वाचन के लिए सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन बेहद संवेदनशीलता के साथ करें - कलेक्टर

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी निर्वाचन कार्य को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य के लिए सौंपें गये दायित्वों का निर्वहन बेहद गंभीरता के साथ करें। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य की सुचारू रूप से संचालन और संपन्न करने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है, जिनका समयबद्ध, कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में संलग्न सभी अधिकारी महती जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में अपनी सार्थकता साबित करें। बैठक में कलेक्टर ने किसानों से धान खरीदी के लिए धान पंजीयन कार्य के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि धान विक्रय के लिए पंजीयन से वंचित सभी किसानों का शीघ्र ही पंजीयन का कार्य पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि जिले में एक भी किसान धान बेचने से वंचित न हो, इसका विशेष ख्याल रखा जाये। बैठक में कलेक्टर ने जिले के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों को शीघ्र ही प्रारंभ करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पूर्व स्वीकृत कार्यों को प्रारंभ कर निर्धारित समय में पूर्ण करायें। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय विद्यालयों एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने के लिए अभी से सार्थक पहल सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक निर्धारित कार्ययोजना बनाते हुए पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण करायें। विषय की बारीकियां से विद्यार्थियों को रूबरू करायें।

### आंगनबाड़ी महिला कार्यकर्ताओं को वितरित किये गये मोबाईल फोन

**सूरजपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समय की मांग अनुसार सूचना प्रोद्योगिकी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर के समस्त कार्यों को ऑनलाईन प्रविष्टि करने के उद्देश्य से पोषण ट्रेकर एप्प विकसित किया गया है। इस एप्प के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर संधारित समस्त पंजीयों को समाप्त कर केन्द्र की समस्त जानकारी ऑनलाईन किये जाने के उद्देश्य से संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाईल फोन प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। भटगाँव विधान सभा अंतर्गत क्षेत्र के विधायक पारसनाथ राजवाड़े द्वारा भैयाथान के मंगल भवन में परियोजना भैयाथान एवं ओडगी के कार्यकर्ताओं को मोबाइल वितरण किया गया। इस अवसर पर दुर्गा सारथी, मदनेश्वर साहू, रावेंद्र प्रताप सिंह,राजू गुप्ता,नूर आलम परियोजना अधिकारी भैयाथान एवं ओडगी समस्त पर्यवेक्षक, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, विभागीय अमला एवं बड़ी संख्या में आम जन मानस उपस्थि रहें।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और महाविद्यालयीन छात्रों ने मतदाताओं को बताया मतदान का महत्व

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले के कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों में शत-प्रतिशत मतदान के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिला स्वाीप नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिा यादव के निर्देश पर जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में लिए कार्ययोजना तैयार कर कम मतदान वाले बूथों, अंदरूनी गांवों, नये मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु शैक्षणिक संस्थाओं, स्कूल, कॉलेजों, गांव, नगर, समूह, समितियों के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं में जन जागरूकता लायी जा रही है। इसी कड़ी में आज कुरूद विधानसभा के ग्राम चर्रा में निवासरत् पारधी जाति के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। पारधी जाति के लोगों ने आजीवन अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। इसी कड़ी में आज धमतरी नगरीय क्षेत्र में बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव महाविद्यालय के छात्र-छात्रों ने डाक बंगला वार्ड बूथ क्रमांक 132 और 133 तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुरूद विधानसभा ग्राम पंचायत चर्रा के बूथ क्रमांक 163 और 168 में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# मंत्री अकबर ने बोड़ला अनुविभाग अंतर्गत थाना चिल्फी के नवनिर्मित फोर्टीफाइड थाना भवन का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, विधि-विधायी मंत्री एवं कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने बोड़ला अनुविभाग अंतर्गत थाना चिल्फी के नवनिर्मित फोर्टीफाइड थाना भवन का विधिवित लोकार्पण किया। उन्होंने नवनिर्मित थाना भवन का अवलोकन भी किया। मंत्री श्री अकबर ने क्षेत्रवासियों एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को सर्व सुविधा युक्त नवनिर्मित भवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।**



केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने उपस्थित वनांचल ग्रामवासियों को छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा आम जनों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान कर पुलिस और जनता के बीच के मधुर संबंधों को इसी प्रकार बनाकर रखने तथा थाने में आने वाले प्रार्थी गणों के शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण करने संबंधी अन्य आवश्यक निर्देश दिया गया।

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि फोर्टिफाईड थाना भवन चिल्फी छत्तीसगढ़शासन गृह विभाग के आदेशानुसार पूर्व वर्ष स्पेशल इन्फ्रास्ट्रक्चर स्कीम के तहत प्रदेश के 14 जिलों में 63 (फोर्टिफाईड पुलिस स्टेशन) सुदृढ़ीकृत थाना भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। जिसके अन्तर्गत कबीरधाम जिले के नक्सल प्रभावित चार थाने रेंगाखार, चिल्फी, सहसपुर लोहारा और बोड़ला में फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन स्वीकृत किया गया था। जिसमें थाना चिल्फी थाना भवन छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के पर्यवेक्षण में निर्माण कार्य संपन्न हुआ है। फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन जिसमें छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर, फर्नीचर, जनरेटर आदि सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन दो मंजिला की है। भूतल में थाना प्रभारी, विवेचक कक्षों के अलावा हवालात, मालखाना, शस्त्रागार, स्टोर, प्रशाधन की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। प्रथम तल में चार बैरक निर्मित है। जिसमें एक महिला बैरक अटैच बाथरूम सहित है। तीन पुरुष बैरक निर्मित है। इसके अलावा किचन, डायनिंग एवं कर्मचारियों के लिए जिम की भी व्यवस्था है।


पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन के उपरी मंजिल में दो नग अधिकारियों के लिए सुविधायुक्त विश्राम गृह बनाएं गए है। इसके अलावा सुरक्षा के लिए हर फ्लोर में चार-चार मोर्चा का निर्माण किया गया है। थाना भवन की सुरक्षा के लिए सामने की ओर तीन प्रोटेक्शन वाल का निर्माण किया गया है। नक्सल संवेदनशील क्षेत्र में फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन निर्माण के पीछे शासन का यह उद्देश्य रहता है, कि नक्सलियों द्वारा थाना भवन पर हमला कर पुलिस जवानों को क्षति पहुंचाकर आधुनिक हथियारों को लूट से बचाया जा सके। ऐसी घटना को रोकने के लिए एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में फोर्टिफाईड थाना भवन का निर्माण किया गया है। फोर्टिफाईड थाना भवन के निर्माण से पुलिस अपने थाना भवन में कर्मचारियों की रक्षा करते हुए आसपास के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से नक्सल उन्मूलन हेतु प्रभावी कार्यवाही कर सकेगी कहा गया।

उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले के थाना चिल्फी परिसर में नवनिर्मित थाना भवन का 25 सितंबर को पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज राजनंदगाँव राहुल भगत के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ. अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन में नवनिर्मित थाना भवन का अवलोकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, प्रभाती मरकाम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लोहारा संजय ध्रुव, थाना प्रभारी चिल्फी निरीक्षकसुदर्शन ध्रुव एवं जिले के जनप्रतिनिधि गण तथा थाना चिल्फी क्षेत्र के सम्माननीय आमजन महिला, पुरुष, बच्चे अधिक संख्या में उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने किया भव्य एवं मनोरम तांदुला इको टुरिज्म पार्क का वर्चुअल लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप एवं बालोद जिला प्रशासन के अभिनव एवं विशेष प्रयासों से बालोद वासियों को सर्वसुविधायुक्त इको टुरिज्म पार्क का सौगात मिला है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास कार्यालय में आयोजित समारोह में संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के समीप स्थित तांदुला जलाशय के तट पर नवनिर्मित इस सर्व सुविधायुक्त इस सुंदर एवं मनोरम तांदुला इको टुरिज्म पार्क का वर्चुअली लोकार्पण कर सैलानियों एवं आम जनता को महत्वपूर्ण सौगात दिया है।**



लगभग 20 हेक्टेयर विशाल क्षेत्र में नवनिर्मित यह खूबसूरत इको टुरिज्म पार्क प्रकृति के मनोरम वादियों के बीच स्थित होने के कारण सैलानियों के लिए खासा आकर्षण का केंद्र बनेगा। उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश हुकुमत के दौरान सिंचाई सुविधाओं के विस्तार एवं लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिले की जीवनदायिनी तांदुला नदी में सन् 1912 में निर्मित तांदुला जलाशय प्रारंभ से ही पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। किंतु आज इस तांदुला जलाशय के तट पर जरूरी सुविधाओं से युक्त इको टुरिज्म पार्क के निर्माण हो जाने से जिले के पर्यटन क्षेत्र के विकास एवं विस्तार की दृष्टि से ''सोने पे सुहाग'' साबित हो रहा है।

तांदुला जलाशय के विशाल क्षेत्र में फैले निर्मल जल के साथ-साथ खूबसूरत घने जंगलों के बीच स्थित होने के कारण इस इको टुरिज्म पार्क के सुंदरता में चार चाँद लग गया है। पार्क को चारों तरफसे देखने पर ऐसा लगता है कि प्रकृति ने इस स्थान के रूप में अनुपम उपहार दिया है। वास्तव में यह इको फ्रेंडली टुरिज्म पार्क तांदुला जलाशय के तट पर स्थित होने के कारण समुद्र तटीय क्षेत्र का आभास कराता है। इस स्थान पर रेतिली तट के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा सैलानियों को आर्टिफिशियल सेंडबीच का आभास कराने का प्रयास किया गया है।

विदित हो कि बालोद जिला प्रशासन के द्वारा तांदुला नदी के तट पर एक बेहतरीन इको टुरिज्म पार्क की परिकल्पना को साकार करने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए इस इको टुरिज्म पार्क में वर्तमान में सर्व सुविधायुक्त 08 कार्टेज, 04 टेंट हाउस का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही इस पार्क में हरियाली का भी विशेष ध्यान रखा गया है। इसके अंतर्गत पार्क में विभिन्न प्रकार के लगभग हजारों प्रजातियों के फूल एवं पौधों का रोपण किया गया है, जो कि पार्क में आकर्षण का केंद्र बनकर सुंदरता में श्रीवृद्धि कर रहे हैं। इसके अलावा पार्क में आने वाले सैनानियों को उनके रूचि के अनुसार भोजन एवं जलपान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बेहतरीन फाइन डाईन रेस्टोरेंट का भी निर्माण किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के स्थानीय एवं देश-विदेश के अन्य व्यंजनों का लुत्फसैलानी उठा सकेंगे। पार्क में सैलानियों के भ्रमण हेतु विशाल लॉन के निर्माण के साथ-साथ विशाल पार्किंग सुविधा, वॉच टॉवर, बोन फायर, वॉटर बॉडी बुद्धा स्टेचू, गार्डन आदि का निर्माण किया गया है।

इसके अलावा आगंतुक सैलानियों को उनके रूचि के अनुसार तांदुला जलाशय की सैर कराने हेतु बोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में यहाँ पर 06, 12, 18 एवं 32 सीटर बोट उपलब्ध है। इसके साथ ही सैलानियों के लिए 02 सीटर का कयाक एवं 05 सीटर का बनाना राइड की सुविधा भी उपलब्ध है। वर्तमान में इस पार्क में वाटर पार्क एवं 22 कार्टेज का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। इसके साथ ही पार्क में हैलीपेड का भी निर्माण किया गया है। इस तरह से यह पार्क बालोद जिले में पर्यटन क्षेत्र के विस्तार एवं विकास के साथ-साथ लोगों को रोजगार मुहैया कराने का कारगर माध्यम साबित होगा।

# शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ सभी वर्गो के हितों को ध्यान में रखकर चलायी जा रही विभिन्न योजनाएं



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने रायपुर निवास कार्यालय में राज्य के 26 जिलों में 6080 करोड़ रूपए की लागत के 7 हजार 300 विभिन्न विकास कार्यो का वर्चुअल लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें रायगढ़ जिले के 131 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत के 691 कार्य शामिल है। इनमें 46 करोड़ 1 लाख रूपए की लागत के 157 भूमिपूजन कार्य और 34 करोड़ 37 लाख रूपए की लागत के 464 लोकार्पण तथा 51 करोड़ 30 लाख के 70 शिलान्यास के कार्य शामिल है।**

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' ध्येय वाक्य के साथ आम जनता के आय में वृद्धि करने के साथ-साथ लगातार अधोसंरचना का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही किसान, मजदूर, युवाओं-महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गो के उत्थान और कल्याण के लिए अनेक जन हितैषी कार्य चलाए जा रहे हैं, जिनकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। कलेक्ट्रेट के सृजन सभा कक्ष में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में महापौर जानकी काटजू, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी, जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित रहे। आयोजित लोकार्पण भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 11.16 करोड़ के 119 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 9.73 करोड़ के 5 कार्य, नगर पालिक निगम में 2.86 करोड़ के 10 कार्य, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के 22.26 करोड़ की 23 भूमिपूजन कार्य शामिल है। इसी प्रकार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 4.73 करोड़ के 48 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 21.69 करोड़ के 2 कार्य, नगर पालिक निगम के 6.07 करोड़ के 12 कार्य, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के 6.32 करोड़ के 3 तथा आदिवासी विकास विभाग के 12.49 करोड़ के 5 शिलान्यास कार्य शामिल है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 3.28 करोड़ के 32 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 6.73 करोड़ के 3 कार्य, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 93 लाख के 3 कार्य, नगर पालिक निगम के 1.19 करोड़ के 3 कार्य, वन विभाग के 1.14 करोड़ के 5 कार्य तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 20.37 करोड़ के 416 लोकार्पण कार्य शामिल है।

# मुख्यमंत्री ने लौटाई चिटफंड निवेशकों की राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज चिटफंड कंपनी में निवेश करने वाले कोरिया तथा बेमेतरा जिले के 122 पीड़ित निवेशकों को 38 लाख 40 हजार 684 रूपए की राशि लौटाई। मुख्यमंत्री राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए।**




गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा अब तक कुल 69 हजार 503 निवेशकों को 38 करोड़ 08 लाख 67 हजार रूपए वापस लौटाए जा चुके हैं। इसी कड़ी में आज बेमेतरा जिले के 108 निवेशकों को 34 लाख 63 हजार 684 रूपए तथा कोरिया जिले के 14 निवेशकों को 03 लाख 77 हजार रूपए ऑनलाईन खाते में अंतरित किए गए हैं।

साथ ही अब तक 214 अनियमित वित्तीय कंपनियों के विरूद्ध 468 प्रकरण दर्ज कर 587 डायरेक्टरों एवं 121 पदाधिकारियों कुल 708 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, 402 प्रकरणों में चालान तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार लगातार चिटफंड कंपनियों के निवेशकों की राशि लौटाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां चिटफंड निवेशकों के पैसे लौटाए गए हैं। प्रदेश की भोली-भाली जनता को ठगकर चिटफंड कंपनियों ने उनसे अपने बचत राशि का निवेश कराया था। कंपनियां निवेश को दोगुना-तीनगुना करने का प्रलोभन देकर पैसे वसूलने का काम करती थी। श्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही चिटफंड निवेशकों का पैसा लौटाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता थी। हमने लगातार कार्रवाई कर इस दिशा में सफलता हासिल की है और इसे आगे भी जारी रखेंगे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आज जिन निवेशकों के पैसे लौटाए गए है, उन्हें बधाई दी। इस दौरान बेमेतरा जिले से जुड़ी हितग्राही श्रीमती सरस्वती साहू ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमने सोचा नहीं था कि हमारा पैसा हमें वापस मिल पाएगा। लेकिन निवेशकों के लिए आपकी संवेदनशील पहल से मुझे अपने दो लाख 70 हजार रूपए वापस मिल पाए हैं। इसी तरह कोरिया जिले की चरचा निवासी श्रीमती उर्मिला को डेढ़ लाख रुपए और चिरमी निवासी श्री बालम साय ने उनके एक लाख रुपए वापस मिलने की खुशी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से बात कर साझा की और उनके प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज, विधायक चक्रधर सिंह, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव गृह मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव अंकित आनंद, एस. भारतीदासन, विशेष सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग महादेव कावरे उपस्थित रहे।


Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### महिला के जेवर से भरे पर्स चोरी करने का आरोपी बस कंडक्टर गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** राजधानी की एक महिला का बस में सफर के दौरान पर्स चोरी करने वाले बस के कंडक्टर घनश्याम जायसवाल उर्फ राहुल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह पलारी बलौदाबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पठारीडीह का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी का पर्स और सोने चांदी के जेवरात जब्त किए हैं। मठपुरैना निवासी उषा सोनकर की रिपोर्ट पर टिकरापारा थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। प्रार्थिया किसी कार्यक्रम में अपने रिश्तेदार के घर पारागांव गई हुई थी।

रविवार को बस से वापस रायपुर लौटते समय भाठागांव बस स्टैंड के पास आरोपित ने पर्स चोरी कर लिया था। पर्स में लेक मंगलसूत्र, सोने का लाकेट और चैन रखा हुआ था। रिपोर्ट के बाद पुलिस टीम द्वारा भाठागांव चौक के आसपास सहित बस में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेजों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान टीम को बस कंडक्टर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिस पर कंडक्टर घनश्याम जायसवाल को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने पर्स चोरी करना स्वीकार कर लिया।

### स्पा सेंटर के मालिक ने किया रेप फिर दी धमकी, गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** राजधानी में फिर एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस बार अनुसूचित जाति की एक युवती से स्पा सेंटर के मालिक ने रेप किया है। युवती का आरोप है कि दवाई खिलाकर उससे होटल के कमरे में दुष्कर्म किया गया। वारदात के बाद आरोपी ने युवती को जान से मारने की धमकी भी दी। 25 सितंबर को एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# घर में झाड़ू पोंछा लगाने वाली महिला ने बनाया चोरी का प्लान दो युवकों से कराई सेंधमारी, पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। खुर्सीपार थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना की रिपोर्ट होने के बाद पुलिस ने आसपास के सीसी टीवी फुटेज खंगाले जिसमें संदिग्धों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया गया। पूछताछ में चोरी को खुलासा हो गया। चोरी का प्लान बनाने वाली उसी घर में झाड़ू पोंछा लगाने वाली महिला ने बनाया। महिला के बताने के बाद ही दो युवकों ने घर में चोरी की। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर पांच लाख रुपए का मशरुका बरामद किया है।**



बता दें चोरी की शिकायत न्यू खुर्सीपार निवासी सुरेश कुमार यादव ने दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 17 सितंबर को उसका छोटा भाई अपनी पत्नी की आंखो का ईलाज कराने चेन्नई गये हुए थे। इस बीच 22 सितंबर की रात को अज्ञात चोरों ने घर पर चोरी की। चोरों ने आलमारी मे रखे सोने का मंगलसुत्र, सोने की अंगुठी, सोने की नोजपीन, कीमती 65,000 रुपए नगदी रकम 33,620 रुपए सहित लगभग पांच लाख रुपए की चोरी की।

शिकायत के बाद पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर दो लडके रात 1.00 बजे चोरी हुए मकान की ओर घुमते दिखे। सीसीटीवी कैमरा दूर होने से चेहरा पहचान पाने में काफी दिक्कते हुई। इसके बाद भी पुलिस चोर तक पहुंच ही गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पतासाजी करने पर एक की पहचान आदित्य यादव निवासी न्यू खुर्सीपार के रूप में की गई। आदित्य यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

पूछताछ में उसने अपने साथी राहुल चौधरी के साथ मिलकर चोरी चोरी करने की बात कही। इसके बाद राहुल चौधरी की तलाश शुरू की गई। वह घर से फरार था। इसके बाद सायबर सेल की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस की गई और राहुल चौधरी को सुपेला अंग्रेजी शराब भट्ठी के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आदित्य यादव एवं राहुल चौधरी ने बताया कि हरिराम यादव के मकान में झाड़ू पोंछा करने वाली संतोषी बाई ने बताया कि घर में कोई नहीं है और उनकी अलमारी में सोने चांदी के जेवर व नगदी रखा हुआ है।

संतोषी बाई के बताए अनुसार ही दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में संतोषी बाई को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का मशरुका बरामद कर लिया गया। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी उमेंद कुमार टण्डन, एसआई युवराज साहू, एएसआई वीरेन्द्र ठाकुर, खेमलाल ठाकुर, आरक्षक चुमुक सिन्हा, पंकज सिंह, अमन शर्मा, सुभाष यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## तेंदुए को भारी पड़ गया मुर्गे का शिकार कंटीले तार में फंसकर गंवानी पड़ी जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। मंगलवार को जिले के सिंगारभाट गांव में एक तेंदुए की मौत से वन विभाग में हड़कंप मच गया। दरअसल शिकार की तलाश में तेंदुआ बस्ती में आ गया और एक मुर्गे को पकड़ने के लिए उसे बाड़े में घुस गया। इस दौरान वह कंटीले तारों में फंस गया। काफी प्रयास के बाद भी वह निकल नहीं पाया और दम घुटने से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तेंदुए के शव को वाहर निकाला। फिलहाल वन विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गई है।



मिली जानकारी के अनुसार यह घटना मंगलवार सुबह की है। बताया जा रहा है कि तड़के करीब 4 बजे तेंदुआ बस्ती में घुस आया था। मुर्गे का शिकार करने बाड़े में घुसा और तार में फंस गया। गांव वालों ने जब तेंदुए को देखा तो उनके होश उड़ गए। आनन फानन में वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के अफसरों से किसी तरह तेंदुए को तारों के जाल से मुक्त कराया लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। बताया जा रहा है कि कांकेर के सिंगारभाट गांव के आसपास भारी मात्रा में तेंदुए हैं और अक्सर शिकार की तलाश में वे घनी आबादी के बीच पहुंच जाते हैं।

## दुर्ग में क्लीनिक गए डॉक्टर दंपति के घर लाखों की चोरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पद्मनाभपुर दुर्ग निवासी डॉक्टर दंपति के घर पर लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। डॉक्टर दंपति रोज की तरह घर को लॉक कर अपने क्लीनिक चले गए और इधर पीछे से चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर से सोने, चांदी व हीरे के जेवरात व तीन लाख नकदी पर हाथ साफ कर दिया। देर रात जब डॉक्टर दंपति लौटी तो उन्हें चोरी का पता चला। इस मामले में मंगलवार को पद्मनाभपुर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि एमआईजी 249 पद्मनाभपुर निवासी डॉ बसंत वर्मा नेत्र विशेषज्ञ हैं। इनकी पत्नी रस्मि वर्मा भी डॉक्टर हैं और वह हृदय रोग विशेषज्ञ है। डॉ बसंत वर्मा ने बताया कि 25 सितंबर की शाम को उसकी पत्नी शाम 4:00 बजे अपने क्लीनिक चली गई। इसके बाद शाम करीबन 7:30 बजे डॉ बसंत वर्मा भी अपने घर पर ताला लगाकर अपने क्लीनिक चला गया। रात करीबन 10:15 बजे उनकी पत्नि वापस लौटी तो देखा कि पीछे के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर देखा तो किचन की आलमारी खुली। प्रथम मंजिल पर गोदरेज आलमारी के फ्रेम को मोडकर दरवाजा खोला गया। आलमारी के अंदर का लॉकर भी खुला हुआ था और सारा समान बिखरा हुआ था। बेड रूम की तीनों आलमारियां भी खुली हुई थी।

## फिर एक एटीएम में सेंधमारी, मशीन तोड़कर कैश निकालने का प्रयास

**भिलाई।** इन दिनों एटीएम तोड़कर कैश चुराने में मामले बढ़ते जा रहे हैं। पिछले दिनों भिलाई व दुर्ग के तीन एटीएम में सेंधमारी हुई जिसमें चोरों ने 70 लाख के करीब कैश पार कर दिया। ताजा मामले में दुर्ग जिले के अंडा थाना क्षेत्र में श्री जी फ्यूल्स के पास लगे इंडिया नंबर 1 के एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी का प्रयास किया गया है। इस मामले में पेट्रोल पंप के मैनेजर की शिकायत पर अंडा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार रूआबांधा भिलाई निवासी सोमेन ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। सोमेन अंडा स्थित श्री जी फ्यूल्स में मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पम्प के बगल में लगा बीटीआई इंडिया नंबर 1 एटीएम स्थित है। 25 सितंबर की शाम को प्रतिदिन की भांति एटीएम को चेक करके सही हालत में देखकर अपने घर रूआबांधा गया।

दूसरे दिन 26 सितंबर को सुबह करीब 8.45 बजे वापस आकर एटीएम को देखा तो एटीएम का केश निकलने वाला कवर तथा लाक टूटा हुआ था। मशीन में तोड़फोड़ की गई थी। किसी ने एटीएम मे घुसकर चोरी करने के लिए एटीएम मशीन मे तोड़फोड़ की लेकिन कैश नहीं निकाल पाया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 457, 511 के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## दुर्ग पुलिस ने करवाई चाकूबाजी में लिप्त बदमाशों की परेड, शपथ दिलाकर दी समझाइश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दुर्ग पुलिस ने मंगलवार को एक अलग तरह का प्रयोग किया। ऐसे निगरानी बदमाश जो चाकू बाजी में लिप्त रहे हैं उनकी धरपकड़ की गई। यही नहीं ऐसे बदमाशों को पुलिस कंट्रोल रूम में पेश किया गया और यहां से उनकी परेड भी कराई। सभी बदमाशों को एक लाइन में खड़े कर उनसे शपथ दिलाई गई। दुर्ग पुलिस द्वारा पहली बार इस तरह की कार्रवाई की गई।

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस महकमा अलर्ट मोड पर है। बीती रात पुलिस ने फ्लैग मार्च किया और मंगलवार को चाकूबाजी माहिर बदमाशों की धरपकड़ की। अलग अलग थाना क्षेत्रों के 53 चाकूबाजों को पुलिस ने पकड़ा और सेक्टर-6 पुलिस कंट्रोल रूम से सिविक सेंटर क्षेत्र में इनकी परेड कराई। पुलिस महनिरीक्षक दुर्ग रेंज बीएन मीणा के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक दुर्ग शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में सोमवार शाम से ही पुलिस की यह कार्रवाई जारी है।



### जेल से छूटे हुए बदमाशों पर थी नजर

दुर्ग पुलिस द्वारा पिछले कुछ महीनों में चाकूबाजी करने वाले अपराधिक प्रवृत्ति के बदमाश व जेल से छूटे हुए बदमाशों पर नजर रखी जा रही थी। ऐसे बदमाश जो पुलिस से बचते फिर रहे थे उनको भी घेराबंदी कर पकड़ा गया। दुर्ग पुलिस के अधिकारियों के द्वारा शहर के जितने भी चाकूबाजी करने वाले बदमाश जो फरार चल रहे थे और जो अपराध में संलिप्त थे, अलग अलग थाना क्षेत्र के बदमाशों को सिविक सेंटर परिसर में लाया गया। आम लोगों में इनका इनका डर खत्म करना पुलिस का उद्देश्य है। सिविक सेंटर एरिया में ही पहुंचकर समस्त बदमाशों को आगे किसी भी प्रकार के चाकूबाजी की घटना न करने व किसी अपराध में शामिल न होने के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान 53 से अधिक बदमाशों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। इस प्रकार कुछ आदतन अपराधियों को चिन्हांकित कर उन पर भी प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक/दो/स.वि./2023/331/333     भिलाई, दिनांक 21/09/2023

**// फ्री होल्ड हेतु दावा आपत्ति सूचना //**

छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर जिला रायपुर के आदेश कमांक एफ–8–5/2022/18 के सम संख्यक आदेश दिनांक 06.07.2022 द्वारा नगरीय निकायो के स्वयं के आधिपत्य/स्वामित्व के लीज होल्ड तथा पूर्व विघटित विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा स्वयं के आधिपत्य के 30 वर्षीय लीज होल्ड पर आबंटित आवासीय/व्यवसायिक (भवनों/फ्लेट्स/भूखण्डो/परिसर/दुकानों)को संबंधित नगरीय निकाय को राजस्व विभाग से विधिवत् भूस्वामित्व प्राप्त होने पर फ्री होल्ड के रूप संपरिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

फ्री होल्ड के रूप में संपरिवर्तन के लिये निम्नांकित भूखंडधारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिस पर नियमानुसार कार्यवाही कर फ्री होल्ड के रूप में संपरिवर्तन किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 30 **दिवस के भीतर** अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 | पट्टाधारी का नाम पति/पिता का नाम | योजना का नाम | ब्लॉक क्र0 भूखंड क्र0 | आकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पंकज पोरवाल आ0 दानमल पोरवाल | दक्षिण गंगोत्री व्य0 यो0 | 29/24 | 40.5 व0मी0 |
| 2 | पंकज पोरवाल आ0 दानमल पोरवाल | दक्षिण गंगोत्री व्य0 यो0 | 29/23 | 40.5 व0मी0 |
| 3 | राकेश पोरवाल आ0 दानमल पोरवाल | दक्षिण गंगोत्री व्य0 यो0 | 29/26 | 40.5 व0मी0 |
| 4 | राकेश पोरवाल आ0 दानमल पोरवाल | दक्षिण गंगोत्री व्य0 यो0 | 29/25 | 40.5 व0मी0 |
| 5 | राकेश पोरवाल आ0 दानमल पोरवाल | दक्षिण गंगोत्री व्य0 यो0 | 29/01 | 40.5 व0मी0 |
| 6 | राकेश पोरवाल आ0 दानमल पोरवाल | दक्षिण गंगोत्री व्य0 यो0 | 29/02 | 40.5 व0मी0 |
| 7 | वाणी जैन पति अजय कुमार जैन | दक्षिण गंगोत्री व्य0 यो0 | 29/21 | 40.5 व0मी0 |
| 8 | पियुष जैन आ0 सुनील कुमार जैन | दक्षिण गंगोत्री व्य0 यो0 | 30/07 | 40.5 व0मी0 |
| 9 | सुचिता जैन पति सुनील कुमार जैन | दक्षिण गंगोत्री व्य0 यो0 | 37/06 | 40.5 व0मी0 |
| 10 | राखी जैन पति नितिन कुमार जैन | दक्षिण गंगोत्री व्य0 यो0 | 29/22 | 40.5 व0मी0 |
| 11 | राखी जैन पति नितिन कुमार जैन | दक्षिण गंगोत्री व्य0 यो0 | 44/13 | 30.375 व0मी0 |
| 12 | मीना रानी गोप पति स्व0 शांति रंजन गोप | पुराना बस स्टैण्ड टी मार्केट के पास पा0हा0 | – | 495 व0फु0 |
| 13 | मीना रानी गोप पति स्व0 शांति रंजन गोप | पुराना बस स्टैण्ड टी मार्केट के पास पा0हा0 | – | 625.625 व0फु0 |
| 14 | राधेश्याम अग्रवाल आ0 स्व0 खड़गचंद अग्रवाल | उत्तर गंगोत्री | बी/26 | 45 व0मी0 |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर



इंदिरा गांधी कॉलेज गणेश उत्सव समिति वैशाली नगर भिलाई

### भिलाई के यश योगी ने इंटरनेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में किया क्वालीफाई

**भिलाई ।** टोयाटा गाजु रेसिंग थाईलैण्ड इंटरनेषनल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 24 सितम्बर 2023 के मध्य थाईलैंड में किया गया। भिलाई के यश योगी ने इस इंटरनेशनल प्रतियोगिता में क्वालीफाई करते हुए मेन्स ड्रा के प्रथम चरण में शीर्ष वरियता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर भिलाई का नाम रौशन किया है। यश योगी, बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत शिव कुमार योगी के सुपुत्र है। इनके पिता शिव कुमार योगी, बैडमिंटन के अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच भी रह चुके है। विगत दिनों 8 से 12 अगस्त 2023 के मध्य इंदौर में आयोजित वेस्ट जोन इंटर स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ओर से खेलते हुए यष योगी ने सेमीफाइनल में स्थान बनाया। इसके साथ ही दिसम्बर माह में असम में आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। इसके अतिरिक्त 28 अगस्त से 02 सितम्बर 2023 के मध्य इंडोनेषिया में आयोजित इंटरनेषनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत की ओर से खेलते हुए श्रेष्ठ प्रदर्षन किया। विगत 15 वर्षों से भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से खेलते हुए इन्टरनेशन?ल व नेशनल चैम्पियनषिप में भारत तथा भिलाई इस्पात संयंत्र का नाम रौशन कर रहे है। यश योगी, अपने पिता शिव कुमार योगी के मार्गदर्षन में राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन करते आ रहे है। इस प्रकार यश योगी ने अपने वर्ल्ड रैंकिंग में भी बढ़त हासिल की हैं।

### जेएलएन अस्पताल में विश्व गर्भनिरोधक दिवस का आयोजन

**भिलाई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं. जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र के स्त्री एवं प्रसूति विभाग द्वारा 26 सितंबर को विष्व गर्भनिरोधक दिवस मनाया गया। इस बार विश्व गर्भनिरोधक दिवस 2023 की थीम है- विकल्पों की शक्ति (पावर ऑफ ऑप्शन)। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर व विभिन्न पोस्टरों का उद्घाटन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव कुमार पॉल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी व विभागाध्यक्ष डॉ संगीता कामरा एवं अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रौशन सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सकगण उपस्थित थे। विभागाध्यक्ष (स्त्री रोग विभाग) डॉ संगीता कामरा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए इस कार्यक्रम के आयोजन के महत्व के बारे में जानकारी दी।

# गुजराती भवन सेक्टर 4 में बनेगा डोम शेड, विधायक देवेंद्र यादव की पहल पर होंगे लाखों के विकास कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार प्रगति यात्रा कर रहे हैं। इस प्रगति यात्रा के दौरान विधायक लाखों की सौगात दे रहे हैं। विधायक देवेंद्र यादव की पहल से गुजराती भवन सेक्टर 4 में बनेगा डोम शेड का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा नव जागरण दुर्गा उत्सव समिति ई मार्केट सेक्टर 6 में डोम शेड का भी निर्माण किया जाएगा। इसका भूमिपूजन किया गया।





मंगलवार को निकाली गई प्रगति यात्रा के दौरान विधायक ने वार्ड में लाखों के विकास कार्यों की सौगात दी। कई समाजिक भवन का लोकार्पण भी विधायक श्री यादव ने किया। वार्डवासियों के साथ मिलकर विधायक श्री यादव ने प्रगति यात्रा के दौरान सेक्टर 4 एवं 6 में 27 लाख की लागत से होगा विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। वार्ड में ?प्रगति यात्रा करते हुए पैदल-पैदल सभी गलियों और लोगों के घरों से होते हुए लोगों से मिलते गए। लोगों का हालचाल जाना और वार्ड की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान वे बड़े बुजुर्गों को प्रणाम किए। युवाओं से गले मिले हाथ मिलाए और छोटो से स्नेह दिए। चौक-चौराहो में बैठकर लोगों के साथ बातचीत की और वार्ड के विकास को लेकर जानकारी ली। कई विकास कार्यों की सौगात दी।

#### माता के चरणों में अर्पित किए श्रद्धा के फूल

यात्रा के दौरान विधायक हर लोगों से मिलते हुए दुर्गा मंदिर पहुंचे। वहां माता की पूजा अर्चना की। उन्हें प्रणाम किए और पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किए। पूजा अर्चना करके विधायक यादव ने हाथ जोड़ कर भिलाई की भलाई, भिलाईवासियों की सुख-शांति, समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने दी दुर्ग शहर को 40 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## बहुप्रतीक्षित ठगड़ा बांध 4 अक्टूबर से बनेगा जनाकर्षण का नया केंद्र:वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग शहरी क्षेत्र में लगभग 40 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कलेक्टोरेट सभागार में हुए वर्चुअल कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष आर एन वर्मा, सभापति राजेश यादव, सहकारी बैंक अध्यक्ष राजेंद्र साहू समेत एमआईसी सदस्यों व पार्षदों की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने शहर के बाह्य क्षेत्रों में 5.56 करोड़ से पाइप लाइन विस्तार, विभिन्न क्षेत्रों में 5.96 करोड़ से पानी निकासी हेतु नाला निर्माण, 3.26 करोड़ से शहर के 3 प्रमुख मार्गों के चौड़ी करण व उन्नयन कार्य, 80 लाख की लागत से पोटिया में मांगलिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

साथ ही 65 लाख की लागत से अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी रहे मोतीलाल वोरा के नाम से सभागार, 3.29 करोड़ की दो नग उच्चस्तरीय पानी टंकी, 3.22 करोड़ की 30 सड़कों व नाली निर्माण के साथ 16 करोड़ की लागत से निर्मित बहुप्रतीक्षित ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट का लोकार्पण भी किया।




मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों को विकास कार्यों की बधाई देते हुए आने वाले चुनावों में पूरी निष्ठा एवं कर्मठता के साथ शासन की नीतियों व योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाने का संदेश दिया। वरिष्ठ विधायक वोरा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 15 वर्षों के कुशासन के बाद दुर्ग शहर में अब विकास के पहियों को गति मिली है। शहर व निकटतम क्षेत्रों में 600 करोड़ से अधिक के विकास कार्य पिछले पौने पांच वर्ष में कराए गए हैं। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि विनाश की मानसिकता वाले उल्टे चश्मे वालों को विकास और जनकल्याण के कार्य नजर नहीं आते। हमेशा साम्प्रदायिकता व उन्माद की राजनीति करते करते भाजपा अब एक औद्योगिक घराना बन चुकी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने एक एक व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त करने का काम किया है। किसान न्याय, गोधन न्याय, महिला समूहों की कर्जमाफी, बेरोजगारी भत्ता, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विश्व स्तरीय सुविधाएं, अधोसंरचना विकास, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती हो या फिर अन्नदाताओं को उचित दाम भूपेश सरकार हर क्षेत्र में जनप्रिय एवं अव्वल है।

वोरा ने कहा कि ट्विन सिटी के हृदय स्थल पर स्थित 16 करोड़ के ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं जहां विधिवत पूजा पाठ के बाद 4 अक्टूबर से जनता को परिवार के साथ गार्डन, चिल्ड्रन पार्क, फूड जोन, बोटिंग, झूले रंगीन फाउंटेन के बीच समय व्यतीत करने का अवसर मिलेगा व दुर्ग शहर को नया आकर्षण का केंद्र प्राप्त होगा। महापौर धीरज बाकलीवाल ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया एवं शहर की जनता को विकास कार्य की सौगात के लिए बधाई दी। इस दौरान कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा, आयुक्त लोकेश चंद्राकर, एमआईसी के सभी सदस्य पार्षद व एल्डरमैन मौजूद थे।

## दया सिंह बने भाजपा पश्चिम मंडल के प्रभारी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** एक बार फिर भाजपा संगठन ने नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह पर भरोसा जताया है। संगठन ने दया सिंह को पश्चिम मंडल का प्रभारी बनाया है। दया सिंह की नियुक्ति के संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया ने आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश में अन्य मंडलों के प्रभारियों के भी नाम है। जिन्हें संगठन ने आगामी कार्यक्लापों को देखते हुए जिम्मेदारी दी है।

संगठन की ओर से लगातार दया सिंह को जिम्मेदारी दी जा रही है। वो चाहे नगर निगम भिलाई में उप नेता प्रतिपक्ष का हो या फिर भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ में प्रदेश प्रवक्ता का जिम्मा हो। दया सिंह को हालही में परिवर्तन यात्रा का भिलाई नगर विधानसभा प्रभारी बनाया गया था। उनके प्रभार वाले विधानसभा में भाजपा ने अपनी ताकत दिखाई और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए दया ने पसीना बहाया। दया सिंह ने कहा कि, भिलाई नगर विधानसभा के पश्चिम मंडल में 10 वार्ड है।

52 बूथ है और 50 हजार से ज्यादा वोटर्स निवासरत हैं। जिनके संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए काम करना है। दया सिंह ने कहा कि, इस साल विधानसभा चुनाव है। इस चुनाव में संगठन को मजबूत प्रदान करते हुए कमल खिलाना है। इसके लिए पूरी मेहनत की जाएगी।

## अपोलो कॉलेज में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** अपोलो कॉलेज ऑफ़ फिजियोथेरेपी के तत्वाधान में गणेश उत्सव एवं राधा अष्टमी के पावन अवसर पर दिनांक 22/09/2023 दिन-शुक्रवार को भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया 7 जिसमें श्री आचार्य सुनील द्विवेदी सेक्टर 6 राधाकृष्ण मंदिर भिलाई के महाराज जी एवं उनके पूरे टीम के द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई।

जिसमें अपोलो कॉलेज के शिक्षक गण एवं विद्यार्थी गण ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया और राधा नाम के मस्ती में सब मगन होकर झूम उठे। इस कार्यक्रम को कराने में विशेष योगदान राज पाठक, यंकित साहू, प्रथम राठौर, आशुतोष श्रीवास्तव, नीलकंठ, अभिषेक, सत्यप्रकाश एवं पूरे अपोलो कॉलेज का सहयोग रहा ।

## महिला चेम्बर के सानिध्य में मैट्स यूनिवर्सिटी में चलो दुनिया जीतो कार्यशाला का आयोजन संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। महिला चेम्बर अध्यक्ष मधु अरोरा ने बताया कि मैट्स यूनिवर्सिटी, पंडरी रायपुर में चलो दुनिया जीतो विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला चेम्बर उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ सलाहकार मनोवैज्ञानिक डॉ. इला गुप्ता ने लक्ष्यों तक पहुंचने के लिये कुछ बिंदुओं पर प्रकाश डाला -हमें कौन रोक रहा है? अभिभावक, दोस्त, मेरे अपने विचार, वातावरण, डर, ज्ञान न होना, कम अवसर, वितीय तनाव आदि ।




इसके परिणाम हैं:-चिंता, अकेलापन, उदासी, डर, गैर समायोजन, रोना, गुस्सा, चिढ़, विस्मृति, इन सबके लिए जानबूझकर योजना बनाएं। सकारात्मक रूप से आगे बढ़ें और इसकी सफलता के लिए प्रार्थना श्रीमती अरोरा ने बताया कि प्रश्नोत्तरी सत्र के अंतर्गत विद्यार्थियों ने डॉ. इला गुप्ता से अपनी समस्याएँ पूछीं और उन्होंने बड़ी शालीनता से उनका उत्तर दिया। महिला चेम्बर संरक्षक श्रीमती मीनाक्षी टुटेजा ने बताया कि सकारात्मक कैसे रहें और सकारात्मकता के लिए मन को शांत रखने के लिए भगवान से प्रार्थना करें। श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि शादी के बाद महिलाओं के लिए यह कठिन होता है और उन्हें ब्रेक भी लेना पड़ता है। कभी-कभी हमें स्थिति और परिस्थितियों के अनुसार अपने लक्ष्य बदलने पड़ते हैं इसलिए हमें उसके अनुसार खुद को ढालना पड़ता है।

श्रीमती अरोरा ने मैट्स यूनिवर्सिटी टीम, श्री विजय भूषण जी (डीन एकेडमिक), डॉ. शाइस्ता अंसारी जी (एचओडी) मनोविज्ञान विभाग, महिला विंग की इला गुप्ता (वरिष्ठ सलाहकार मनोविज्ञान और उपाध्यक्ष) को धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा कि महिला चेम्बर की संरक्षक-श्रीमती मीनाक्षी टुटेजा, श्रीमती आभा मिश्रा, महामंत्री-पिंकी अग्रवाल,कोषाध्यक्ष-प्रेरणा भट्ट, शालू और महिला चेम्बर टीम के कई अन्य सदस्यों का समन्वय और समर्थन एवं सहयोग मुझे सदैव मिलता है।

# मुस्लिम महिलाओं का एकजुटता के साथ सेवा कार्य अनुकरणीयः देवेंद्र यादव

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने रविवार 24 सितंबर को अपना स्थापना दिवस विविध आयोजनों के साथ मनाया। सेक्टर-6 जामा मस्जिद के सभागार में आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों और समाज के विभिन्न तबके के लोगों ने अपनी भागीदारी दी और सोसाइटी के काम की सराहना की। इस दौरान सोसाइटी ने विभिन्न क्षेत्रों से प्रमुख लोगों और संगठनों का सम्मान भी किया।



छत्तीसगढ़ में मुस्लिम महिलाओं के अपनी तरह के पहले बहुउद्देशीय गैर सरकारी संगठन के कामकाज को सभी अतिथियों ने सराहा। पूर्व राज्यमंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने कहा कि मुस्लिम महिलाओं का एकजुट होकर समाज के विभिन्न वर्ग के उन्नयन के लिए काम करना काबिले तारीफ है। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के लोग जिस तरह जरुरतमंद लोगों को इमदाद पहुंचा रहे हैं और समाज कल्याण में बढ़-चढ़ कर भागीदारी दे रहे हैं, यह अपने आप में अनुकरणीय है। समारोह को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम मर्यादित रायपुर की उपाध्यक्ष नीता लोधी ने कहा कि भिलाई की मुस्लिम महिलाओं का संगठित होकर समाजसेवा में योगदान देना बताता है कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं सशक्तिकरण में कहीं पीछे नहीं है। वहीं डीएसपी नसर सिद्दीकी ने भी संगठन के कामकाज की तारीफ करते हुए कहा कि एक बेहतर समाज की संरचना ऐसे ही एकजुट होकर की जा सकती है। शुरूआत में अल मदद सोसाइटी की अध्यक्ष अंजुम अली ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन में समाज के विभिन्न वर्ग, व्यक्तित्व व गैर सरकारी संगठनों का सम्मान भी किया गया। इनमें जीई फाउंडेशन से जावेद खान, जकात फाउंडेशन से मोहम्मद इमरान खान, बैतुलमाल कमेटी से हफीज खान व अन्य, उपासना फाउंडेशन, हजरत बीबी फातिमा जोहरा कमेटी, ब्राइट एमआर स्कूल दुर्ग, मुस्कान सेक्टर-2, इकरा टीचर्स एसोसिएशन, तुलसी लोकसेवा संगठन भिलाई-तीन, नेत्र ज्योति, मानवता स्कूल बोरसी दुर्ग, कल्याणी एकीकृत नशा मुक्ति केंद्र कृष्णा नगर सुपेला, प्रयास एमआर स्कूल सुपेला, महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन, उमरपोटी मदरसा, अकीला चिश्ती, महिला सशक्तिकरण संघ जिला दुर्ग, डॉ. संजय गुप्ता और पत्रकार व लेखक मुहम्मद जाकिर हुसैन का सम्मान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सोसाइटी की सचिव कौसर खान, उपाध्यक्ष शबाना सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष शाहीन खान, नाहिदा खान, लीना तजमीम, नर्गिस, रेहाना परवीन, जीनत, दिलशाद, सुल्ताना, शीरिन बेगम और शम्शुन सहित तमाम मेंबर शामिल हुए।

## एक्सपोर्ट हब सेमिनार का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स इंडस्ट्रीज के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन होटल अमित पार्क सुपेला में आयोजित सेमिनार में शिरकत की सेमिनार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा दुर्ग कलेक्टर के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित हुआ भसीन ने अपने उदबोधन में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के साथ चलते हुये भारत को 5 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने के लिए प्रत्येक जिले,प्रत्येक उद्योगपति एवं प्रत्येक व्यापारी को अपने अंदर एक्सपोट कल्चर का निर्माण करना होगा जिससे जीरो डिफेक्ट एवं विश्वसनीय प्रोडक्ट का निर्माण करते हुये विदेशी मुद्रा को भारत के लिए अर्जित करना होगा।



चेम्बर हमेशा सभी व्यापारियों को केन्द्र सरकार की सभी औद्योगिक योजनाओं से अवगत कराता रहा है व्यापारी को एक्सपोर्ट के माध्यम से वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पर ध्यान देने के लिए व्यापारियों के अंदर विश्वास की कड़ी के रूप में चेम्बर काम कर रहा है आज व्यापारी अपने प्रोडक्ट को विदेशो में बड़ी आसानी से भेज सकता है सरकार आपके प्रोडक्ट की पूरी जिम्मेदारी और भुगतान शीघ्रता से हो इस पर कार्य कर रही है सरकार ने इस कार्य के लिए अलग से टीम बनाई है जो व्यापारी और सरकार के बीच एक सेतु का कार्य करती है श्री भसीन ने कहा भारत को विश्वगुरू बनना है तो भारत के व्यापारियों को भी मजबूती के साथ अपने कारोबार को विदेशो में एक्सपोर्ट के माध्यम से विस्तार करना होगा इसके लिए सरकार सभी साधन बनाने के लिए तैयार है इस सेमिनार में करमजीत सिंह बेदी, संदीप अग्रवाल,संजय चैबे, महेश बसंल ,दुर्गा प्रसाद ,जितेन्द्र गुप्ता ,विनय सिंह ,अभिषेक शुक्ला, सुनील मिश्रा उपस्थित रहे ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950